
Rs. 5/-

શ્રી સ્વામિનારાયણ

November-December' 2008




પુલ્હાશ્રમતીર્થમાં સર્વોપરિ શ્રી નીલકંઠવર્ણીએ ઉગ્ર તપશ્ચર્યા કરી હતી ત્યાં આપણા મંદિર દ્વારા છત્રી- ચરણારવિંદ પધરાવ્યા છે તેની અલૌકિક તસવીર

પ્રકાશક : શ્રી સ્વામિનારાયણ મંદિર, અમદાવાદ-૧. • Publisher : Shree Swaminarayan Temple, Ahmedabad-1.










१. जीरागढ-हालार (मूली प्रदेश) श्री रोकडीया हनुमानजी महाराज का अभिषेक करते हुए प.पू. महाराजश्री । २. जीरागढ में प्रासंगिक सभा में दर्शन देते हुए प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री । ३. नारणघाट मंदिर शरदोत्सव प्रसंग पर दर्शन देते हुए प.पू. महाराजश्री तथा प.पू. लालजी महाराजश्री । ४. कांकरीया मंदिर में बाल स्वस्थ कष्ट भंजन देव का अभिषेक करते हुए प.पू. लालजी महाराजश्री । ५. नारायणघाट मंदिर में शरदोत्सव प्रसंग पर रास खेलते हुए संत-हरिभक्त । ६. अहमदाबाद मंदिर में मेडीकल केम्प में लाभ देते हुए संत गण । ७. ध.धु. आचार्यश्री देवेन्द्रप्रसादजी केळवणी ट्रस्ट संचालित **TERF** स्कूल में **S.V.S.** कक्षा के गणित विज्ञान प्रदर्शन का उद्घाटन करते हुए प.पू. लालजी महाराजश्री के साथ पू. शा. स्वा. आत्मप्रकाशदासजी । ८. माणसा मंदिर में सत्संग सभा में दर्शन देते हुए प.पू. आचार्य महाराजश्री ।



संस्थापक
श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री १००८
श्री तेजेन्द्रप्रसादजी म्हाराजश्री
श्री स्वामिनारायण म्यूजियम
नारायणपुर, अहमदाबाद.
फोन : २७४९९५९७ - ९८२५३०९५९७
फेक्स : २७४१९५९७
www.swaminarayanmuseum.com
दूर ध्वनि
२२१३३८३५ (मंदिर)
२७४७८०७० (स्वा. बाग)
फेक्स ०७९-२७४५२१४५
श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य १००८
श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्रीकी आज्ञासे
तंत्रीश्री
स.गु. स्वामी नारायणस्वरूपदासजी (महंत स्वामी)
पत्र व्यवहार
श्री स्वामिनारायण मासिक कार्यालय
श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर,
अहमदाबाद-३८० ००१.
दूर ध्वनि : २२१३२१७०, २२१३६८१८.
फेक्स : २२१७६९९२.
Www.swaminarayan.info
पतेमें परिवर्तन के लिये
E-mail : manishnvora@yahoo.co.in

मूल्य
प्रति वर्ष ५०-००
वंशपारंपरिक
देशमें ५०१-००
विदेश ५०००-००
प्रति कोपी ५-००

श्री स्वामिनारायण

श्री नरनारायणदेव पीठस्थान मुखपत्र

वर्ष - 2 अंक : 19/20 नवम्बर/दिसम्बर -2008

अनुक्रमणिका

१	अस्मदीयम्	४
२	प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के शुभ कार्यक्रमों की रुपरेखा	५
३	पुल्हाश्रम की पावन यात्रा	६
४	शिखा (चोटी) क्यों ..... ?	९
५	जीत की अंतिम रेखा "भजन"	११
६	आनन्द की लहर : कमलो तथा धमलो	१२
७	प.पू. बडे महाराजश्री की दिव्य वाणी में से एकत्रित किये हुए पुष्प	१३
८	- माया	१४
९	श्रीजी महाराज के प्रसादी का स्थल अहमदाबाद मंदिर	१५
१०	देयर भाभी का प्रेम	१७
११	कंठी	१८
१२	अब हममें कोई न्यूनता रही नहीं	१९
१३	- मंदिर	२१
१४	आदि आचार्य अयोध्याप्रसादजी महाराजश्रीने चमत्कार दिखाया	२४
१५	सत्संग सुरभि	२५
१६	सत्संग बालवाटिका	२७
१७	भक्तिसुधा	२९
१८	प्रश्न पेटी	३३
१९	सत्संग समाचार	३४

: संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक :
महंत स्वामी नारायणस्वरूपदासजी द्वारा
श्री स्वामिनारायण मंदिर, कालुपुर, अहमदाबाद के लिए
श्री स्वामिनारायण प्रिन्टींग प्रेस, श्री स्वामिनारायण मंदिर, कालुपुर, अहमदाबाद (गुजरात) पीन कोड-३८० ००१ से मुद्रित एवं श्री स्वामिनारायण मंदिर, कालुपुर, अहमदाबाद (गुजरात) पीन कोड-३८० ००१ द्वारा प्रकाशित ।



His Holiness Acharya Maharaj
Shri Koshalendraprasadji Pande

શ્રી સ્વામિનારાયણો વિજયતેતરામ્

નૂતન વર્ષાભિનંદન

પ.ભ. શ્રી .....

આજથી શરૂ થતા નૂતન વર્ષના મંગલ પ્રભાતે સર્વોપરિ શ્રી સ્વામિનારાયણ ભગવાનના દિવ્ય અલૌકિક ચરણોમાં શુભ પ્રાર્થના સાથે નૂતન વર્ષના જયશ્રી સ્વામિનારાયણ વાંચવા.

શુભ દિપાવલીના મંગલ પર્વમાં પ્રગટતા દિવડાઓ દેશ-વિદેશમાં વસતા અમારા સર્વે હરિભક્તોના અંતરમાં પૂર્ણ પુરૂષોત્તમ ઈષ્ટદેવ શ્રીહરિની પ્રગટ ઉપાસના દ્રઢ કરાવે, હૃદયમાં શુધ્ધ જ્ઞાનરૂપી દિપક પ્રગટ થાય અને એકાંતિકી ભક્તિની ઉજ્જવલતા પથરાય તેમજ શ્રી નરનારાયણદેવનો વિશેષ મહિમા-માહાત્મ્ય સરળતાથી સમજાય અને સુખ, સંપ, સંપત્તિ તથા સત્સંગમાં ઉત્તરોત્તર પ્રગતિ થાય એવી શ્રીહરિના ચરણોમાં પ્રાર્થના સહ ..... શુભાશીર્વાદ.

સર્વે સત્સંગીઓને અનુરોધ

અમારા દાદા આદિ આચાર્ય શ્રી અયોધ્યાપ્રસાદજી મહારાજશ્રીની ૨૦૦ મી "જન્મ દ્વિશતાબ્દી મહોત્સવ" શ્રી નરનારાયણદેવ પીઠ સ્થાનથી ઉજવવા અમોએ સંકલ્પ કર્યો જેને સમસ્ત સત્સંગ સમાજે વધાવી લીધો છે. જેથી અમને વિશેષ આનંદ થયો છે.

દેશ-વિદેશમાં વસતા આપણા સૌ હરિભક્તોએ આપણા આ મહોત્સવને તન, મન અને ધનથી સહયોગ આપીને સર્વોપરિ શ્રીહરિ તથા શ્રીનગર નિવાસી શ્રી નરનારાયણદેવને રાજી કરવા સર્વે હરિભક્તોને વિદીત કરીએ છીએ, અને આ આપણો મહોત્સવ ભવ્યતાથી ઉજવાય એવી શ્રીજી મહારાજના ચરણોમાં પ્રાર્થના.

આપ સૌના પરિવારમાં સુહૃદ ભાવ કેળવાય, સૌનું આરોગ્ય સુંદર રહે અને સર્વોપરિ શ્રી નરનારાયણદેવની નિષ્ઠા ઉત્તરોત્તર વધતી રહે તેવા રૂડા શુભાશીર્વાદ સહ .....

જયશ્રી સ્વામિનારાયણ.

(પ.પૂ. આચાર્યશ્રી તેજેન્દ્રપ્રસાદજી મહારાજશ્રી)

(પ.પૂ.પ.પુ. આચાર્ય શ્રી કોશલેન્દ્રપ્રસાદજી મહારાજશ્રી)

(પ.પૂ. લાલજી મહારાજશ્રી પ્રજેન્દ્રપ્રસાદજી)

Shree Swaminarayan Mandir,
Ahmedabad-1
Tel: 079 2212 3835

Shree Swaminarayan Bagh,
Ahmedabad-52
Tel: 079 2747 8070



શ્રી સ્વામિનારાયણ મંદિર
કાલુપુર, અમદાવાદ-૩૮૦ ૦૦૧.

Shree Swaminarayan Temple
Kalupur, Ahmedabad-380 001.

Phone : (079) 22132170, 22136818 ● Fax : (079) 22176992 E-mail : Sntemple@hotmail.com

શ્રી સ્વામિનારાયણો વિજયતેતરામ્

નૂતન વર્ષાભિનંદન

શ્રીજી મહારાજના લાડીલા પ.ભ. શ્રી .....

નૂતન વર્ષના મંગલ પ્રભાતે સર્વાવતારી ઈષ્ટદેવ શ્રી સ્વામિનારાયણ ભગવાન આપનું સર્વ પ્રકારે શ્રેય અને મંગલ કરે, આપ સૌના પરિવારમાં સંપ, સહકાર, આત્મીય ભાવ સાથે સત્સંગની દ્રઢતા, સર્વોપરિ શ્રીહરિની ઉપાસના અને શ્રી નરનારાયણદેવ ગાદી પરત્વેની નિષ્ઠામાં ઉત્તરોત્તર વધારો થાય અને સૌનું આરોગ્ય નિરોગી અને સુંદર રહે તેવી પરમ કૃપાળુ સર્વાવતારી શ્રી નરનારાયણદેવના ચરણોમાં પ્રાર્થના છે.

ધર્મકુળ વંદના મહોત્સવ અંગે નિવેદન

સહર્ષ જણાવવાનું કે : આપણા શ્રી નરનારાયણદેવ ગાદીના સૌ પ્રથમ આદિ આચાર્ય પ.પૂ. શ્રી અયોધ્યાપ્રસાદજી મહારાજશ્રીના પ્રાગટ્યને સંવત ૨૦૬૫ના જેઠ સુદ-૧૧ ના ૨૦૦ વર્ષ પૂર્ણ થાય છે. શ્રી નરનારાયણદેવ પીઠના સૌ પ્રથમ આચાર્યશ્રીની ૨૦૦ મી જન્મ જયંતી "ધર્મકુળ વંદના મહોત્સવ" શ્રી નરનારાયણદેવ પીઠ સ્થાનેથી પૂજ્યપાદ મોટા મહારાજશ્રી અને પ.પૂ.ધ.ધુ વિદ્યમાન આચાર્ય મહારાજશ્રીની પ્રેરણા અને આશીર્વાદથી સમસ્ત સંત-સત્સંગી સમાજના સહકારથી ઉજવવાનું નક્કી કરવામાં આવેલ છે.

આપણા શ્રી નરનારાયણદેવ ગાદી સ્થાનથી જ્યારે જ્યારે મોટા મહોત્સવો ઉજવવા આયોજન થાય છે ત્યારે સમસ્ત સત્સંગ સમાજ ખભે-ખભા મીલાવીને ખૂબજ ઉત્સાહ અને શ્રધ્ધા ભક્તિથી તન, મન અને ધનથી સેવાનો અવિરત પ્રવાહ રેલાવતા હોય છે. આપ સૌ હરિભક્તો ધર્મકુળના અનન્ય આશ્રિત અને ધર્મકુળની આજ્ઞામાં વર્તવાવાળા છો. જેથી આપને આ "ધર્મકુળ વંદના મહોત્સવ"માં સેવા કરીને શ્રીજી મહારાજ અને ધર્મકુળનો રાજીપો મેળવવાની તીવ્ર ઈચ્છા હોય જ ! આ મહોત્સવમાં દેશ-વિદેશના લાખો હરિભક્તો આ દેવદુર્લભ અવસરમાં લાભ લઈ સેવા કરીને જીવન કૃતાર્થ કરશો તેવી પરમ કૃપાળુ સર્વોપરિ શ્રી સ્વામિનારાયણ ભગવાનના દિવ્ય ચરણોમાં પ્રાર્થના છે.

નારાયણ સ્વરૂપ

મહંત સ્વામી
સ્વા. નારાયણસ્વરૂપદાસજી
શ્રી સ્વામિનારાયણ મંદિર,
કાલુપુર, અમદાવાદ-૧.



अस्मदीयम्



सत्संगियो के घर में मंदिर होता हैं, उस मदिर से सत्संगी की समझ, सत्संग, श्रद्धा तथा भक्तिभाव का दर्शन होता है। इन दोनो से अर्थात् घर एवं मंदिर से व्यक्ति के व्यक्तित्व की पहचान हो जाती है। उसके सेवा भाव को भी पहचाना जा सकता है। मनुष्य अपने छोटे से छोटे कार्य पूर्ण कर लेता है। लेकिन घर के मंदिर का कार्य पचीसो वर्ष पीछे ले जाता है। हरिभक्त का आहार देखना होतो फ्रीज देखना चाहिये उपासना देखनी हो तो पूजा के लिये मंदिर देखना चाहिये। सत्संग में कितने प्रतिष्ठित अग्रगण्य एकांतिक भक्त होते हैं जो सत्संग में लाखो रुपये खर्च कर देते हैं, जब कोई साम्प्रदायिक उत्सव आता है तो वे दान देने में भी प्रथम क्रम में ही रहते हैं। लेकिन उनके घर में मंदिर की स्थिति दयाजनकर होती है। कितने लोग तो पंन्द्रह वर्ष से यही सोचते हैं कि घर में मंदिर बनायेंगे लेकिन विचारते ही रहते हैं और फर्नीचर बन जाता है। कितने लोग सिंहासन बड़ा बना देते हैं जिस में पचासो भगवान की मूर्तियाँ रख छोड़ते हैं, इतना ही नहीं यदि कहीं मंदिर के ऊपर भी जगह हो तो वहाँ भी रखना नहीं भूलते। लेकिन यह नहीं समझते यह कोई मार्केट नहीं है। यह तो मात्र आराधना का केन्द्र है। इतने अधिक भगवान एक सिंहासन पर कैसे विराजमान होंगे ? कैसे भोजन करेंगे ? यह सब विचार करके दया क्यों नहीं आती। सही में तो यह कहाजा सकता है कि शोभा के सागर जो हृदय में विराजमान रहते हैं उन्हें एक गोखले में रखकर कुसेवा की जा रही है। जिसके धाम में जाना है ? इसलिये ध्यान देकर आसन प्रभु का उत्तम होना आवश्यक है। जो अपने पास हो उससे अधिक ध्यान देने की जरूरत है। भगवान को जैसा पहचाना वैसे रखना भी चाहिये। भगवान प्रत्यक्ष प्रगट-साक्षात् मानकर घर में रखना चाहिये और सेवा करनी चाहिये। अपनी भक्ति भाव का मुख्य केन्द्र अपना घर मंदिर होना चाहिये। इसमें जितनी आलस्य या साधना में जितनी ढिलास उतनी ही प्रगति में बाधा होती है। अक्षरधाम में तथा घर के मंदिर में लेश मात्र अंतर नही है। धर्मवंशी आचार्य महाराजश्री ने जिस स्वामिनारायण भगवान की मूर्ति प्रसादी के रूप में दिया हो उसी स्वरूप की तथा श्रीजी महाराज की आज्ञा के अनुसार श्री नरनारायणदेव की पूजा अवश्य करनी चाहिये।

अपने संप्रदाय में एभल खाचर जैसे हरिभक्त घर को मंदिर मानकर सेवा करने वाले तथा घर को सभा मानने वाले दादा खाचर जैसे मुक्त मिले हैं। घर में प्रातः सांय भगवान की आरती हो तथा उसमें घर के सभी सदस्य दर्शन करने के लिये उपस्थित हो। घर में आरती के समय घर के सदस्य यदि उपस्थित न हो तो भगवान का अपराधकहा जायेगा।

जिसके घर में परिवार के साथ बैठकर भोजन तथा भजन कीजाती है वहाँ कभी कलियुग का प्रवेश नहीं होता। वह घर कलश विना का मंदिर है। जिस कार्य सद्धि की चाहना हो रात्रि-दिन का परिश्रम हो तथा घर के मंदिर में श्रद्धा हो तो निश्चित उस कार्य में सफलता मिलेगी ही। अब इसमें प्रयास की आवश्यकता है। एकबार प्रयास करके तो देखें।

तंत्रीश्री (महंत स्वामी)
– *साधु नारायणस्वरूपदास का*
जयश्री स्वामिनारायण



प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के शुभ कार्यक्रमों की रुपरेखा

अक्टूबर -२००८

१. श्री राम एस्टेट में महापूजा प्रसंग परपदार्पण ओढव।
२. श्री हिंमतभाई वशरामभाई के यहाँ पदार्पण, बोडक देव।
४. श्री किरीटभाई खजीभाई पटेल के यहाँ पटेल मोडलिंग स्टूडियों के उद्घाटन प्रसंग परपदार्पण, ओढव।
श्री शशिकांत महादेवभाई पटेल के यहाँ पदार्पण, ओढव।
श्री विशाल जी. ब्रह्मभट्ट(गरवी गुजरात) तथा भरतभाई बारोट, श्री मुकेश एन. बारोट तथा श्री अमर एन. बारोट के यहाँ पदार्पण, पालड़ी।
५. सुहागिया एन्ड कंपनी की आफिस के उद्घाटन प्रसंग परपदार्पण, निकोल गाँव रोड।
६. श्री विजयभाई जयंतीलाल ठक्कर(सरोडावाला) के यहाँ सत्संग सभा प्रसंग परपदार्पण, जीवराजपार्क।
७. महेन्द्रभाई कस्तूरचंद झिंझुवाडिया के "झिंझुवाडिया ब्रधर्स ज्वेलर्स" शो रूम के उद्घाटन प्रसंग परपदार्पण सी.जी. रोड।
८. श्री संजयकुमार मूलचंददास मोदी के यहाँ पदार्पण।
श्री स्वामिनारायण सं.म.वि. अक्षरमहोल वाडी, जेतलपुर में सरस्वती पूजन प्रसंग परपदार्पण।
९. ३६ वां जन्मोत्सव प.पू. बड़े महाराजश्री तथा प.पू. लालजी महाराजश्री की शुभ उपस्थिति में मनाया गया।
श्री धनंजयभाई कांतिलाल ठक्कर के यहाँ पदार्पण सेटेलाईट।
श्री लालजीभाई नटवरलाल ठक्कर के यहां पदार्पण सेटेलाईट।
१०. श्री कांतिलाल रणछोडलाल पटेल के यहाँ पदार्पण विसनगर।
श्री मुकेशभाई ठक्कर के नूतन स्वामिनारायण फार्मसी के उद्घाटन प्रसंग परपदार्पण, गांधीरोड।
११. श्री भाविक नाथुभाई पटेल के यहाँ पदार्पण निकोल रोड।
श्री जयदीप हरिभाई गढीया के यहाँ पदार्पण, निकोल रोड।
श्री मनीषभाई रामजीभाई सुहागिया के यहाँ पदार्पण, बापूनगर।
१२. मोरबी गाँव में श्रीजी सीरामीक में महापूजा प्रसंग परपदार्पण।
१३. श्री कचराभाई सांकलचंद पटेल के यहाँ सत्संग सभा के प्रसंग परपदार्पण सोजा।
१४. श्री कमलेशभाई नारणदास पटेल के यहाँ महापूजा प्रसंग परपदार्पण मणीनगर।
श्री मिनेषभाई प्रहलादभाई पटेल के यहाँ पदार्पण, चाणक्य पुरी।
श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर तथा नारायणघाट मंदिर के शरदोत्सव प्रसंग परपदार्पण।
१६. बावला श्री स्वामिनारायण मंदिर के पाटोत्सव प्रसंग परपदार्पण।
१७. आनंदपुरा(डांगरवा) गाँव में यज्ञ प्रसंग परपदार्पण।
१८. गोधावी गाँव में श्री स्वामिनारायण मंदिर में (महिलाओं के) मूर्ति प्रतिष्ठा प्रसंग परपदार्पण तथा मनीपुरगाँव में सत्संग सभा में पदार्पण।
१९. श्री नवीनभाई विठ्ठलदास चोकसी के बी.एन. फोरेक्ष प्रा.लि. के उद्घाटन प्रसंग परपदार्पण, ड्राईव-इन-रोड।
श्री नरसिंहभाई पटेल के टीम्बरपोईन्ट में पदार्पण, सेटेलाईट।
२३. श्री स्वामिनारायण मंदिर करजीसण के पाटोत्सव प्रसंग परपदार्पण।
२५. श्री रमेशभाई जेठाभाई कोरिया के यहाँ पदार्पण मोटेश।
२६-२७. जीरागढ(हालार-मूलीदेश) श्री रोकडिया हनुमानजी महाराज के पाटोत्सव प्रसंग परपदार्पण।
२८. सर्वोपरि श्री नरनारायणदेव के सानिध्य में समूह शारदा पूजन वेद विधिसे स्वहाथों से सम्पन्न किये।
२९. नूतन वर्ष के मंगल दिन प्रातः कालीन मंगला आरती, श्रृंगार आरती तथा अन्नकूट की आरती अपने हाथों से उतारकर, अपने कक्ष में बैठकर भक्तजनों को दर्शन का लाभ दिये।



पुल्हाश्रम की पावन यात्रा

- साधु धर्मकिशोरदास गुरु स्वामी नारायणस्वरुपदासजी

हिमालय की विशालता का वर्णन करते समय बड़ा आनंद होता है। हिमालय को धरती का स्वर्ग कहा गया है। इस हिमालय की प्रसंशा जितनी की जाय उतना कम है।

भारत, चीन, नेपाल इस तरह तीनो देश में अपना अस्तित्व धारण करने वाला हिमालय बड़े-बड़े को ईर्ष्या कराने वाला है। भारत में बद्रिनारायण के स्वरुप में नेपाल में मुक्तिनाथ के रुप में तथा चीन में कैलाश मान सरोवर के रुप में अस्तित्व धारण करने वाला यह हिमालय मानो आज प्रभु का पदार्पण कराकर फूले नहीं समा रहा हो ऐसा लग रहा था। उस समय बालस्वरुप घनश्याम छोटी उम्र में छोटे-छोटे चरण कमल हिमालय के हृदय पर रखकर जब चल रहे थे तब कैसा लगता रहा होगा ? अवश्य सुन्दर लगता रहा होगा, क्योंकि नीलकंठ वर्णी स्वयं सुन्दरताके आकार थे। इसलिये तो इनका स्मरण करते ही समग्र सुख की प्राप्ति हो जाती है। यही उनके सौंदर्य स्मरण का रहस्य है। अपने शास्त्रों में लिखा हुआ है कि भगवान का स्वरुप सौन्दर्य, लावण्यता के समान कुछ भी नहीं है। क्योंकि प्रभु तो साक्षात् रुप के भंडार है।

यात्रा में पधारे हुये संतो में अहमदाबाद मंदिर के महंत स्वा. नारायणस्वरुपदासजी, स्वा. जगतप्रकाशदासजी, शा. डी.के. स्वामी, स्वा. भक्तिवल्लभदासजी, स्वा. विश्ववंदनदासजी इत्यादि संत तथा देश-विदेश से अनेक भक्त इस यात्रा का लाभ लिये थे।



हे भक्तों ! आप सभी इस दिव्य पावनकारी पुल्हाश्रमकी यात्रा का वर्णन सुने।

ता. १२-१०-०८ का प्रातः काल मानो संत भक्तो के लिये स्वर्णिम सूर्य होकर प्रगट हुआ हो। इस तरह का दिव्य वातावरण लग रहा था। सभी संत हरि भक्त पूज्य बड़े महाराजश्री के साथ प्रातः ६-३० बजे अहमदाबाद एरपोर्ट पर सभी एकत्रित हुये। सभी पू. बड़े महाराजश्री का चरण स्पर्श करके श्रीहरि का स्मरण करते हुए धुनि बोलने लगे, उस समय ऐसा लग रहा था जैसे श्रीजी महाराज अपने साथ हों। इसके बाद सभी लोग सामान की व्यवस्था कराकर किंग फिशर की फ्लाईट में बैठ गये। १-२५ बजे दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंच गये। वहाँ से जेट विमान में बैठकर ३ घंटे में काठमांडु पहुंच गये। वहाँ अच्छे स्थान पर निवास किये। बाद में सभी सायंकाल बड़े महाराजश्रीके साथ नियम, चेष्टा, इत्यादि करके श्रीहरिका स्मरण करते हुये शयन किये।

ता. १३-१०-०८ को यात्रा का द्वितीय दिन, अर्थात् एक आशा रुपी किरणको लेकर उदित सूर्य मानो नैपाल की भूमि पर सभी का स्वागत करते हुए दृष्ट हो रहा था। सभी हरि का स्मरण करके प्रातः काल जगे, स्नान-पूजाविधि करके नास्ता किये। पू. बड़े महाराजश्री के पास

आगर बैठे । पश्चात् ११-०० बजे पोखरा जाने के लिये तैयार हो गये । वहाँ से टूसीटवाले विमान में बैठकर श्रीहरि की धुनि करते हुए सवा घंटे में पोखरा पहुंच गये । वहाँ के एरपोर्ट पर वहाँ के राजनेता पू. महाराजश्री का तथा संतो के स्वागत के लिये खड़े थे । सबसे पहले वहाँ के संत पू. बड़े महाराजश्री का स्वागत किये । तथा संस्कृत पाठशाळा के छोटे-छोटे ब्राह्मण बालकों ने वेदघोष किया, इससे ऐसा लग रहा था जैसे इस नैपाल की धरा पुनः पू. महाराजश्री के चरण स्पर्श से खुशहाल हो गई हो । वहाँ से सभी निवास स्थान पर गये संत भोजन बनाकर ठाकुरजी का भोग लगाकर पू. महाराजश्री को भोजन करवाये । पश्चात् सभी संत भक्त भोजन करके महाराजश्री के साथ नीलकंठवर्णी के चरणों से अंकित ऐसी प्रसादी की भूमि पर विचरण करते हुए ऐसा लग रहा था जैसे श्रीजी महाराज पुनः इस धरती पर विचरण करने के लिये वर्णीरूप में आगये हो । सभी लोग टूरिस्ट बस में बैठकर "सेतीगंगा" के किनारे पहुंच गये । "सेतीगंगा" अर्थात् श्वेत गंडकी के पावन किनारे पर एक शिवालय तथा विल्वका एक बड़ा वृक्ष है यही पर श्रीहरि तीन दिन तक रुके थे । यहाँ पर प्रतिदिन महादेव की पूजा करते तथा श्वेत गंडकी में स्नान करते थे । यह वात श्रीहरिलीलामृत में कही है ।

"सेता गंगा वहे छेत्यां सारी
तेमां नाया जई ब्रह्मचारी"

वहाँ रहनेवाले ब्राह्मणो के साथ शास्त्रार्थ करते थे, आज भी वह शिवालय हैं । वहाँ की सरकार पुराना मंदिर होने से कुछ करने नहीं देती है । इस तरह अनेकों स्थानों का दर्शन करके सायंकाल निवास स्थान पर आये । प्रतिदिन की तरह भोजनादिक करके सत्संग के पश्चात् शयन किये ।

ता. १४-१०-०८ को यात्रा का तीसरा दिन था । इसलिये मुक्तिनाथ (पुल्हाश्रम) जाने की तैयारी करने लगे । प्रातः ७ बजे पोखरा एरपोर्ट पर सभी एकत्रित हुए । वहाँ से पुल्हाक्षम के लिये प्लेन में बैठे । अब सभी के मन में भक्ति की लहर उठने लगी । क्योंकि प्रभु नीलकंठ एकदम छोटी उम्र में यहाँ पर रहकर कठिन तप किये थे, उस स्थान के दर्शन की लालसा सभी के मनमें थी । कब वहाँ पहुंचे । यही सभी के हृदय में उद्गार था । जो लोग यह तीर्थ यात्रा करके आये उनके मुख से यही निकल रहा था कि ओहो ..... बड़ी कठिन यात्रा थी ।

लेकिन यह यात्रा बहुत ही सरल एवं सुगम है । वहाँ जाने के लिये जीप, बाईक तथा अन्य साधन भी उपलब्धहोता है । बाद में वहाँ से आधा घन्टा चलना पड़ता है । इस तरह थोडे समय में जोमशोम एरपोर्ट पर जब पहुंचे उस समय वहाँ के संत तथा राजनेता लोग भव्यातिभव्य स्वागत किये ।

इसके बाद वहाँ से मुक्तिनाथ जाने के लिये जीप में बैठे दो घन्टे तक जीप की सवारी करके मुक्तिनाथ पहुंचे । वहाँ से भी आधा घन्टा चलना पड़ता था । बड़े महाराजश्री के साथ संत, भक्त सभी एक साथ कदम से कदम मिलाकर चढने लगे । जहाँ पर महाप्रभु छ महिना तक विना आधार के एक पग पर खड़े होकर तपस्या किये थे । शास्त्रों में ऐसा लिखा है कि शरीर में एक बूंद रक्त भी नहीं रह गया था । तपस्वी इस दृश्य को देखकर आश्चर्य चकित रह गये थे । विचार करने लगे कि ए भरत या ब्रह्मा का पुत्र पलहऋषि या अन्य कोई बड़े देवता तो नहीं है । इसी स्थान पर श्री नरनारायणदेव गादी संस्थान द्वारा प्रसादी के चिन्ह रूप एक छत्र बनाया गया है । वहाँ पर सभी लोग एक पैर पर खड़े होकर एक माला किये । इसके बाद पू. बड़े महाराजश्री ने उस स्थान की आरती उतारकर प्राण प्रतिष्ठा करके पुराने विष्णु भगवान मंदिर की तरफ चल दिये, जिसे मुक्तिनाथ कहते हैं । इसका इतिहास इस तरह है -

भृगुऋषि भगवान विष्णु की छाती में पैर मारे थे वही निशान आज भी यहाँ दिखाई देता है । यहाँ के मुख्य मंदिर में भगवान विष्णु बीच में तथा अगल बगल श्रीदेवी एवं भूदेवी तथा गरुडजी आज भी सेवा में रहते हैं ।

यह मुक्तिनाथ का मंदिर ११०० वर्ष पुराना है तथा समुद्र तल से १३००० फुट की ऊंचाई पर है । इस मंदिर के चारो तरफ अर्धचंद्राकार १०८ मुक्तिधारा गोमुख से वहती रहती है । इन धाराओं का बहता हुआ जल मानसरोवर से यहाँ तक आता है ।

इसकी महिमा ऐसी है कि जो इसमें स्नान करता है उसकी मुक्त हो जाती है। इसीलिए इसे मुक्तिधारा कहते हैं। इसके साथ यह भी इतिहास है कि नैपाल नरेश रणबहादुर शाह की धर्मपत्नी सुवर्णप्रभा ने १७७५ से १८०६ तक इस मंदिर का निर्माण करवाया था। यह मंदिर के शिलालेख में है। इस पवित्र धाम में हम सभी बड़े महाराजश्री के साथ १०८ धारा में स्नान किये। इसके बाद दिव्य पावनकारी इस मंदिर के प्रांगण में महापूजा का आयोजन किया गया था। महापूजा धर्मकिशोर स्वामीने करवाया। महापूजा के समय साक्षात् सूर्यनारायण प्रगट हुए ऐसी सभी को प्रतीति हुई। मानो अभी हिमवर्षा होने वाली थी, चारो तरफ कालीघटा छा गई थी, उसी समय जब श्रीजी महाराज का आह्वान किया गया तो सूर्य भगवान का दर्शन होने लगा।

सभी लोग आनन्द में आगये। तीन घन्टे तक सतत महापूजा चली थी। कार्यपूर्ण करके सभी लोग अपने निवास स्थान जोमशोम आये। सभी लोग निश्चिंत होकर भोजन करके आराम किये। इस मंदिर की विशेषता यह भी है कि यह मंदिर पैंगोडा आकारमें बना हुआ है।

ता. १५-१०-०८ को यात्रा का चौथा दिन अर्थात् श्रीजी महाराज के चरित्र को याद करने का दिन। आज प्रातः जागकर नित्य विधिकरके सभी लोग एक साथ पू. बड़े महाराजश्री के सानिध्य में बैठकर श्रीनिलकंठवर्णी को याद करके धुन किये। ऐसा लग रहा था कि श्रीहरि के प्रति प्रेम का अतिरेक हो गया हो। पश्चात् अहमदाबाद मंदिर के महंत स्वामीने प्रभु के दिव्य स्मरण के साथ नीलकंठ प्रभु का पुलहाश्रम में तपस्या के ऊपर खूब माहात्म्य समझाया, जिसे श्रवण कर सभी को ऐसा लगा कि यह हमारी यात्रा सफल हो गई। इसके बाद पोखरा जाने की तैयारी हुई। पोखरा पहुंच कर, मंदिर में जाकर पू. महाराजश्रीने आरती की। वहाँ के भक्तों के दर्शन का तथा अपनी वाणी का लाभ दिये। निवास स्थान पर जाकर भोजन करके आराम किये।

ता. १६-१०-०८ को यात्रा का पांचवा दिन अर्थात् पोखरा से काठमांडु एरपोर्ट पर पहुंच गये। सभी लोग श्री स्वामिनारायण भगवान की जयघोष के साथ बाहर निकले।

वहाँ सुन्दर रहने की व्यवस्था के साथ भोजनादिक करके प्रस्थान की तैयारी किये। काठमांडु के पवित्र स्थानों में सबसे पहले वहाँ पर बहती हुई बाघमती नदी गये, दर्शन करके उसका जल लेकर पैदल चलकर भगवान पशुपतिनाथ को चढाने गये। यह मंदिर सोना चांदी से मढा हुआ है। यह मंदिर पैंगोडा आकार का बना हुआ है। यहाँ पर बड़े महाराजश्रीने मंदिर के विद्वान ब्राह्मणो द्वारा षोडशोपचार वैदिक विधिसे अभिषेक करवाया। पुनः वहाँ के बहुत सारे छोटे-बड़े दर्शनीय स्थानो को देखते हुए निवास स्थान पर पहुंच गयें। वहाँ पर भोजनादिक तैयार करके महाराजश्री को भोजन कराकर स्वयं प्रसाद ग्रहण करके, नित्य नियम करके मानसी पूजा के बाद शयन किये।

ता. १७-१०-०८ यात्रा का छठवां दिन अर्थात् स्वदेश श्री नरनारायणदेव के सानिध्य में वापस आने का दिन। प्रातः का नित्यक्रम करके सभी लोग पूज्य महाराजश्री को प्रणाम एवं दर्शन किये। पश्चात् दोपहर में काठमांडु के एरपोर्ट पर आये। २ बजे वहाँ पहुंचे तो पुलिस अधिकारी को हम सभी के विषयमें विशेष जिज्ञासा हुई इसलिये वह हमारे पास आकर श्री स्वामिनारायण संप्रदाय के विषय में तथा पू. महाराजश्री के विषय में पूछा, वह धार्मिक था यथार्थ जानकारी होने पर महाराजश्री के पास जाकर चरण स्पर्श करके खूब आनंदका अनुभव किया। हवामान के कारण फलाईट थोड़ी बिलम्ब हो गयी थी। जिससे वहीं पर सायंकाल हो गया था। इसलिये सभी सत्संगी मिलकर वहीं पर सत्संग सभा किये। थोड़ी देरके बाद जब प्लेन वहाँ से चली तो दिल्ली आये, दिल्ली से अहमदाबाद पहुँच कर श्री नरनारायणदेव के जयनाद के साथ सभी लोग स्वस्थान पधारे।

बस ! ऐसी दिव्य तथा अविस्मरणीय यह तीर्थ यात्रा सुदीर्घकाल तक याद बनी रहे। ऐसी श्रीहरि के चरणो में प्रार्थना के साथ ..... अस्तु।





शिखा (चोटी) क्यों ..... ?

- कोठारी स्वामी रामानुजदासजी

हिन्दु धर्म के साथ शिखा का अटूट संबंधपरम्परा में प्राचीन काल से चला आ रहा है। शिखा का महत्व भारतीय संस्कृति में अंकुश के समान है । अपना आदर्शन तथा सिद्धांत शिखा से ही प्रतीत होता है। शिखा रखने से ऊर्जा शक्ति का विकास होता है। वैदिक समय में मस्तक पर जटा रखने का विधान था । परंतु कालक्रम से जटा के स्थान पर प्रतीक के रूप में शिखा रखी जाने लगी । शिखा मात्र ब्राह्मणों की पहचान बनकररह गई है।

वेदो में भी शिखाधारण करने का विधान मिलता है। "शिखा धारण करने वाले का कल्याण होता है। इसलिये मस्तक पर शिखा अवश्य धारण करनी चाहिये । सदा यज्ञोपवीत धारण करनी चाहिए । शिखा तथा यज्ञोपवीत के विना संध्या उपासना करने का विधान नहीं है।

मुनि लोग भी शिखा रखते थे । नारद मुनि तो शिखा को खड़ी करके रखते थे । प्राचीन समय में तथा आज भी शिखा धारण करने वाले स्वयं को विशिष्ट मानते है । सद्विचारो के केन्द्र समान यह शिखा तेजस्विता तथा भावना को प्रकट करती है। प्राचीन काल में जब गुरुओं के आश्रम में विद्यार्थी अभ्यास करने जाते थे उस समय चिन्तन की प्रक्रिया में नींद न आवे इस लिये शिखा को डोरी से बांधकर रखते थे। नींद आने पर शिखा खिंचेगी और नींद टूट जायेगी। पहले के समय में शिखा का इतना अधिक महत्व था कि ब्राह्मणों को कोई दंड दिया जाता था तो उनकी शिखा काट ली जाती थी।

वैदिक धर्म के अनुसार शिखा वैज्ञानिक-आयुर्वेदिक तथा धार्मिक रीति से खूब लाभदायी है। शिखा गाय के खुर जितनी होनी चाहिये । अपना छोटा तथा बड़ा मर्म (मगज) स्थल भी शिखा के नीचे ही होता है। जिसे मस्तक का हृदय कहते हैं। इस जगह को ब्रह्मरंध्र, द्विदलीय आज्ञा चक्र तथा पीनीयल ग्रंथी को जोड़ने वाली नाड़ियो का केन्द्र स्थान है। इस स्थान पर बाल का गुच्छ हो तो बुद्धि का विकास होता है। इसीलिये मर्मस्थानो की जानकारी तथा उसकी सुरक्षा के लिये ऋषि मुनि इस स्थल पर चोटी रखने की प्रथा प्रारंभ किये थे।

शिखा का बाल वायुमंडल से ओक्सीजन ग्रहण करते हैं। शिखा ब्रह्मचर्य में सहायक होती है। मस्तक को शांत रखकर उच्छृखलता से दूर रखती है। तो प्रभु चिंतन भक्ति, ध्यान, आध्यात्मिक साधना में सहायक है। सोलह संस्कार में आठवाँ संस्कार चौल संस्कार जिस में सभी बाल निकाल कर(मुंडन कर) शिखा रखने का विधान है। शिखा से बल, आयुष्य तथा तेज बढता है।

मस्तक का मध्य भाग कोमल होता है। इस स्थान पर किये गये आघात से रक्षण शिखा से होता है। मस्तक सबसे उपयोगी स्थान है । समग्र नाड़ियां मस्तक में पहुँचती है । शरीर की शारीरिक तथा मानसिक सभी क्रियाओं का संचालन मस्तक करता है। मस्तक के बीचोबीच बुद्धि चक्र उसके सन्निकट

ब्रह्मरन्ध्र तथा द्विदलीय आज्ञाचक्र तथा पीनीयल ग्रन्थी का संपर्क जोड़ने वाली नाडियां आकर मिलती हैं। यही मनुष्य के चिंतन शक्ति का विकास करती है। मनुष्य जब संध्या-वंदन, जप-तप, दान-पूजन इत्यादि करता है तब शिखा में गांठ बांधकर करने से पूर्ण फल की प्राप्ति होती है। भगवान का ध्यान-भजन करते समय ध्यान भजन करने वाले की ऊर्जा शक्ति उर्ध्वगमन होकर मस्तक की तरफ गति करती है, यदि मस्तक पर शिखा न हो तो अथवा शिखा में ग्रंधिबंधन न होतो शिखा ऊर्जा रोकने का काम कर नहीं पाती है। शिखा बंधन, व्यर्थ जाने वाली ऊर्जा शक्ति को शरीर में रोकने का अद्‌भुत कार्य करती है।

मस्तक पर जहाँ पर शिखा हैं वही पर बीचोबीच पिच्युटरी ग्रंथी (पोषणीका ग्रन्थी) है। इस ग्रन्थी का श्राव समग्र शरीर में प्रवाहित होता है। यह श्राव शरीर को शक्तिशाली बना कर स्वस्थ बनाता है। शिखा जहाँ होती है वहीं पर अति महत्व की सुषुम्णा नाड़ी, पीठ के मध्य भाग से होकर ऊपर समाप्त होती है। सुषुम्णा नाड़ी बात का संचालन करती है। मनुष्य का तेज ब्रह्मरंध्र से सुषुम्णा नाड़ी से बाहर निकलता है। शिखा ही एक मात्र उसे रोकने का कार्य करती है। इस स्थान पर जो शिखा का गुच्छ होता है उसका मूल चेतनाकेन्द्र तक गया हुआ है। इससे सुषुम्णा नाड़ी का रक्षण होता है।

शिखा स्थान के यहाँ छोटा मस्तिष्क होता है। वह गोखुर के आकार का होता है। इसलिये शिखा भी उतनी प्रमाण में होनी चाहिये। बाल विद्युत पैदा करते है। शिखा से समग्र शरीर को शक्ति मिलती है। तथा छोटे मस्तिक का संचालन भी होता है। शिखा से स्मरण शक्ति बढती है। बड़ी शिखा रखने से बल-आयुष्य-तेज-बुद्धि-स्मृति में रक्षण मिलता है।

भगवान के भक्त जब ध्यान करते है, तब ध्यान केन्द्रित करने से मस्तक पर शिखा के ऊपरी भाग से ऊर्जाशक्ति परमात्मा की तरफ से मिलती शक्ति इस मार्ग से मनुष्य के अंदर प्रवेश करती है। भगवान के भक्त-योगी-मुनि इस शक्ति से भगवान के दिव्य धाम का दर्शन करते हैं।

जिस स्थान पर शिखा होती है उसे पीनीयल जोइन्ट कहते हैं। उसके नीचे पीच्युटरी ग्रंथी में जो रस उत्पन्न होता है। वह सम्पूर्ण शरीरको तेज संपन्न तथा दीर्घायु बनाता है। मूलाधार से लेकर मेरुमडंल तक व्याप्त सुषुम्णा नाड़ी का एक एक मुख बुद्धि केन्द्र में खुलता है। जिसमें से विद्युत प्रवाहित होती रहती है। जिसे शिखा बंधन से रोका जा सकता है।

छोटे-बड़े मस्तिष्क को जोड़ने वाले केन्द्र को मर्मस्थल कहा जाता है। ऐसे मर्मस्थलों की जानकारी तथा सुरक्षा के लिये अपने ऋषि मुनियों ने इस स्थान पर चोटी रखने की परम्परा बनाये है।

पूजापाठ के समय शिखा बांधने से मस्तक में संग्रहित ऊर्जा तरंग अन्तर्मुख होने से मानसिक शक्तियों को पोषण मिलता है। इसलिये मन प्रभु में लगा रहने से सद्‌बुद्धि, सदविचार तथा आत्मशक्ति में वृद्धि होने से शारीरिक शक्ति में संचार, अनिष्ट प्रभावों से रक्षा तथा नेत्र ज्योति में सुरक्षा एवं कार्यो में सफलता तथा सद्‌गति जैसे लाभ मिलते हैं।

मनुस्मृतिः

स्नाने दाने जपे होमे संध्यायां देवतार्च ने।
शिखा ग्रन्थिं सदा कुर्यादित्येतन्मुनुरब्रवीत्।

शिखा बंधन के विना किया गया सम्पूर्ण पुण्य कर्म निष्फल होजाता है। इसलिये प्रत्येक भक्त को तथा धर्म प्रेमी को शिखा रखना परम आवश्यक है। कारण यह कि अपने विचारों को शुद्ध केवल शिखा से किया जा सकता है। इससे परम धाम की प्राप्ति संभव है, वही लक्ष्य भी है। यदि शिखा न रखते हों तो आज से शिखा अवश्य रखना प्रारंभ करें।



जीत की अंतिम रेखा "भजन"

साधु यज्ञप्रकाशदास (कांकरिया स्वामि. म्ंदिर)

तुलसीदल थी तोल करे तो बने पवन परयोटो,
अने दान हिमालय मूको हेमनो तो मेरुथी मोटो ।
आभारे हरिवर ने कहो मुलवशो शी रीते,
जगत मां वजन करे तो हारे भजन करनारने जीते ॥

शास्त्रों में लिखा हुआ है कि भगवान को इस दुनियां में किसी वस्तु से तोला नहीं जासकता है । लेकिन श्रद्धास्थी भजन से भगवान को तोला जा सकता है । जीत सदा भजन की होती है । एक पुराना इतिहास है कि भगवान कृष्ण को १६१०८ रानियां थी । जिसमें भगवान की आठ पटरानी मुख्य थी । इस में सत्यभामा नाम की पटरानी एक दिन नाराज होकर बैठी थीं । देवर्षी नारद भगवान का दर्शन करने के लिये आये । सत्यभामा को उदास देखकर नारदजी विचार करने लगे कि इन्हे भगवान जैसे पति मिले हैं । तोभी ये उदास बैठी हैं । नारदजी सत्यभामा के पास जाकर उदासी का कारण पूछे । आप क्यों उदास बैठी हैं ?

सत्यभामा ने कहा कि मैं अपने पति का दान करदूं । नारदजी ने पुनः कहा कि अगलें जन्म में जो चाहती हो उसका इस जन्म में दान करदीजिये ..... । सत्यभामा ने कहा कि इनका दान हम किसे करें । नारदजीने कहा हमसे उत्तम पात्र कौन होगा । सत्यभामा प्रसन्न हो गई । नारदजी को भगवान दान में दे दीं । भगवान श्रीकृष्ण को लेकर नारदजी जाने लगे । सात पटरानियों को खबर पड़ गई । वे नारदजी के पास आकर कहने लगी कि भगवान केवल सत्यभामा के ही पति नहीं है । हमलोगों के भी पति है । इसलिये सत्यभामा उनका दान नहीं कर सकती । रुक्मिणीजी कहने लगी कि सत्यभामा तूंने अगले जन्म की लालच में भगवान को इसी जन्म में खो दिया । सत्यभामा को पश्चाताप होने लगा । नारदजीने कहा देवी भगवान के वजन जितना अब आपको सोना देना पड़ेगा । आठो पटरानियां ऐसा ही करने लगी । एक तराजू के पल्ले में भगवान तो दूसरे पल्ले में सोना लाकर रखीं । लेकिन भगवान ने लीला किया और अपना वजन बढा दिया जिससे भगवान का पल्ला भारी रहा । इस बात को रुक्मिणीजी जान गयी । रुक्मिणीजी भाव पूर्वक अंतःकरण से भगवान को याद करके एक तुलसी पत्र सोनावाले पल्ले में रख दी तो जो हजारों मन सोने से तौलेजाने वाले श्याम वे एक तुलसीपत्र से तौल दिये गये । कारण यह कि उस तुलसीपत्र में रुक्मिणीजी की श्रद्धा स्थी भजन थी । व्यक्तिके भजन से भगवान हमेंशा वशमें हो जाते हैं ।

नथी राग भूख्यो नथी ताल भूख्यो ।
छे भाव भूख्यो भगवान सदा ॥

शबरी के जूठे बैर खाने वाले भगवान श्री रामचन्द्रजी को शबरी का बैर नहीं बल्कि शबरी का भक्ति भाव दिखाई दिया ।

जीवण भक्त के मठ की रोटी खाने वाले भगवान श्री स्वामिनारायण महाप्रभु को जीवण भक्त की भक्तिने वश में की ।

दुनिया में भगवान को प्राप्त करने के लिये एकमात्र उपाय भावस्थी भजन है । "भजन करे ते जीते" । भगवान की भजन ही मनुष्य की अंतिम डेस्टीनेशन है । दुनियां की संपत्ति मनुष्य को मुक्ति नहीं दिला सकती । मुक्ति तो मात्र भगवान की भजन से ही संभव है ।

उपनिषद में नचिकेता की कथा है कि यमराज के पास नचिकेता तीन वरदान मांगा । जिसमें दूसरे वरदान में नचिकेता यमराजा से प्रश्न किया कि मृत्यु का यथार्थ रहस्य समझाइये । यमराज ने कहा हे नचिकेता । इस मृत्यु लोक में जो पदार्थ दुर्लभ हैं वे सभी पदार्थ मुझसे मांग सकता है लेकिन मृत्यु संबन्धिप्रश्न मत कर ।

तब नचिकेता ने कहा कि हे यमराज ! आपके मृत्यु लोक के पदार्थ जीव की मुक्ति नहीं दे सकते, इस लिये इस संपत्ति को आप अपने पास रखिये । कारण यह कि संपत्ति किसी को तृप्त नहीं कर सकी है । इसलिये संपत्ति नहीं हमें ज्ञान दीजिये । मनुष्य के जीवन में मुक्ति के लिये साधन मात्र भजन है । संपत्ति नहीं । इसलिये मोक्षार्थी को चाहिये कि संपत्ति के पीछे दौड़ने के सिवाय भगवान की भजन करे । भजन से जीत होगी । जीत की अंतिम रेखा भजन है ।



आनन्द की लहर

कमलो तथा धमलो

- शा. हरिजीवनदास (हिंमतनगर महंत)

महाराज एकबार नाराज हो गये । महाराज का नाराज क्षणिक होता था । महाराज का नाराज होना तथा गुस्सा होना दोनो ही मधुर था । हरदम की तरह इसबार महाराज को कौन हंसाया होगा ? बोलो सुरा खाचर ? नहीं ब्रह्ममुनि ? नहीं, इस बार कोई अन्य है । जिसका नाम मूलजी शेठ है । शेठने कहना प्रारंभ किया ।

कमलो तथा धमलो दोनो सगे भाई थे । जाती के बनिया थे । कोलीवाडा में उनका छोटा घर था । एकबार कोडीवाडा में आग लग गई । देखते-देखते जितने घर थे आग की लपट में जलकर खाख हो गये । कमलो तथा धमलो दोनो भाई कही बाहर गये हुए थे । घर में उनकी माता अकेली थी । चारो तरफ आग लगने की हल्ला हो रही थी । आवाज सुनकर कमला-धमला की मां बाहर आ गई, लेकिन उनकी कुत्ती भीतर रह गई और जलमरी । थोड़े समय के बाद कमलो तथा धमलो घर आये । देखा तो आग में कुत्ती जलकर राख हो गई थी, उसी कुत्ती को अपनी माँ जलगई है ऐसा समझकर वे दोनो उसे अग्नि संस्कार के लिये ले जाते हैं । इतने में धमला से कमला ने कहा अरे भाई अपनी माँ को कहाँ पूंछ थी इसे तो पूंछ है ? धमलाने कहा अरे, बापूजी कई बार कहते कि "तुम्हारी मां की पूंछ !" तो क्या यह सच नहीं है । यह वात सुनकर महाराज हंसने लगे ।

कृपानिधिया कृपा नहीं

महाराज मछीयाव गाँव में होली का उत्सव खूब धूमधाम से किये । इस उत्सव में महाराज ने एक नई प्रचलन प्रारंभ किया । प्रत्येक संत तथा भक्त को तारा-स्नान करना है ।

स्नान की विधिऐसी थी कि कोरे मिट्टी के घड़े में पानी भराकर रखते, उसी पानी से स्वयं स्नान करते तथा अन्य सभी ऐसे जल का स्नान करते । उस समय इतनी भयंकर ठन्ढी पड़ती कि जैसे पानी बर्फ बन जाय । उसी जल से काठि तथा अन्य हरिभक्त प्रातः उठकर स्नान करते । ऐसे शीतल जल से स्नान करते समय हृदय कांप जाता था ।

ऐसे जल से स्नान करते समय महाराज का कोठारी प्रभाशंकर बोला कि हे कृपानिधि? हे कृपा निधि? यह सुनकर सुराखाचर को महाराज को हंसाने के लिये एक शब्द मिल गया । महाराज के पास जाकर कहने लगे, महाराज ! प्रभाशंकर कहते है कि कृपा नहीं - कृपा नहीं क्योंकि महाराज इतनी ठन्ढी में शीतलजल से स्नान कराते हैं । ऐसा कहकर महाराज को खूब हंसाये ।

सुराखाचर को लगा ।

सुराखाचर की वात हो ऐसा नहीं है । वे हंमेशा आनंद की बात करते

एक समय सुरा खाचर रथ पर बैठे थे । रथ हिला कि सुराखाचर गिर गये । सुराखाचर को चोट लग गई । श्रीजी महाराज बगल में खड़े होकर हंस रहे थे । यह देखकर सुराखाचर नाराज हो गये ? नाराज होकर कहने लगे कि आप अंतकाल में मुझे वहेल लेकर लेने मत आइयेगा । महाराज ने कहा, क्यों ? बापू ने कहा "हमें पैर में रसरी बांधकर खींचते हुए ले जाइयेगा । अच्छा ..... ऐसा ही करेंगे ऐसा कहकर हंसने लगे ।

ममरा का मार्ग

श्रीहरि काठी पार्षदो के साथ घोड़े पर सवार होकर सुरत पधारे थे । रास्ते में रेवा नदी आयी । नदी को पार करके वे लोग आगे बढे ।

नाग मालो घोड़े पर बैठे थे । दूसरी तरफ महाराज भोजन कर रहे थे । जिस गाँव में जाना था । वह भूल गये । वहाँ से कोई राहदारी जा रहा था । नागमाले उस राहदारी से प्रश्न पूछा, भाई ! मर्मरा का रास्ता कौन सा है । जवाब सुरा खाचरने दिया कि "तुम्हारा मुख" राहदारी उत्तर दे उससे पहले ही बापुने रमूजी उत्तर देकर महाराज को हसा दिया । बात भी तो सही ममरा का मार्ग मुख ही तो होता है ।



प.पू. बडे महाराजश्री की दिव्य वाणी में से एकत्रित किये हुए पुष्प

- साधु धर्मकिशोरदास गुरु स्वामी नारायणस्वरुपदासजी

प.पू. बडे महाराजश्री कई बार कहते हैं कि संस्कृतिका जीवन में बहुत बडा महत्व है। कारण यह कि संस्कृति जहां नही है वहीं कोई भी नीति नियम में नही रहता। संस्कृति हो तो ही लोग धर्म में रत रहेत है तथा पाप करने से डरते हैं। हमारे भारत के संस्कृति की प्रशंसा समग्र विश्व में होती है। इसका कारण यह है कि यहां के बालकों को छोटेपन से ही उत्तम संस्कार दिये जाते हैं। जहाँ संस्कार दिया जाता हो उसे ही संस्कृति कहते हैं। जिसमें अमेरिकन संस्कृति में तो प्रेमभाव, सुहृदभाव, किसी के प्रति आत्म भाव तो दिखाई देता ही नहीं है। बल्कि स्वार्थ ही दिखाई देता है। लेकिन अपनी भारतीय संस्कृति में प्रेम भाव, सुहृदभाव, एकता तता एक दूसरे के प्रति सहानुभूति खूब होती है। इसी संस्कृति के कारण अपना धर्म टिका हुआ है। हम जब पश्चिम संस्कृति की वात करें तो एक बार हम अमेरिका में विचरण कर रहे थे। उस समय दो मित्र आपस में बात कर रहे थे। उस में से एक मित्र के मा बापुजी इन्टिया से (अमेरिका) आने वाले थे। इस लिये दूसरे मित्र से कहा कि कि मित्र ! कल मेरे मा-बापूजी इन्डिया से आने वाले हैं वे कल मेरी छुट्टी नहीं है, इसलिये एरोड्रम से ले आना। मित् रने कहा कोई बात नहीं मैं लेआउंगा। इसके बाद पहले मित्रने तुरन्त जेब से कुछ डोलर निकाल कर दिया और वह लेकर जेब में रख लिया। यह देखकर मुझे हुआ कि यही यहाँ की पश्चिमी संस्कृति है ष अपनी बारतीय संस्कृति में यही अंतर है। अपनी भारतीय संस्कृति धर्म के सात जुडी हुई है। इसीलिये एक दूसरे में प्रेम-करुणा का भाव बना रहता है। यहाँ के लोगों में धर्म का अभाव है। जो धर्म के सात चलते हैं उन्हीं की रक्षा श्रीहरि करते हैं। इसलिये श्रुति कहती है कि "धर्मचर" धर्माचरण करने से ही संस्कृति सुरक्षिति रहेगी, अन्यथा पश्चिमि संस्कृति के आने में देर नहीं लगेगी। यथार्थतः विचार करें तो जहाँ धर्म है वहीं संस्कृति है। महाभारत में हम देकते हैं कि कौरव पाण्डव का दो पक्ष था, दोनो पक्ष में धर्म तो था ही। पाण्डव की तरफ युधिष्ठिर धर्म स्थ थे। कौरवों की तरफ विदुरती धर्मस्थ थे। दोनो की तरफ धर्म था, लेकिन धर्माचरण केवल युधिष्ठिरजी करते थे और उन्हीं की आज्ञा में सभी रहते थे। इसीलिये उनकी अर्थात् धर्म की जीत हुई। दूसरी तरफ विदरुजी (धर्म) थे। लेकिन उनका कोई माननही रखा, उनकी धर्म निति की कोई बात नहीं माना। जिससे पराजय हुई। इतना ही नहीं बल्कि कौरवों का संहार हो गया। इसलिये धर्म का सहारा ले। लेकर चले तो महाराज की प्रसन्नता प्राप्त होगी। वह सुखी होगा। धर्म के साथ चलने वाले को किसी प्रकार की चिंता नहीं रहती। हम जब अमेरिका जाते हैं तो सभी के मुख से एक ही बात सुनने को मिलती है। **It is not my problem - it is your problem** हमारी परेशानी नहीं, यह आपकी परेशानी है। जब से हम आपीक शरम में आया हूँ तब से मेरी सभी समस्यायें आपकी शरण में है। इस तरह जब हम धर्म के साथ चलेंगे तो सभी समस्याओं से दूर हो जायेंगे, ऐसी श्री नरनारायणदेव के चरणो में प्रार्थना।



- माया

- जयंतिलाल के. सोनी (मेमनगर-अहमदाबाद)

श्रीजी महाराज माया के स्वरूप की बड़ी सरल व्याख्या की "भजन में जो विघ्न आते हैं वही माया है।

भगवत स्वरूपकी पहचान के विना माया के बन्धन से कोई छूट नहीं सकता। सत्संग में सदा दासानुदास बनकर रहना पड़ेगा। सद् गुरुगुणातीतानंद स्वामी की वात में बताया गया है कि सत्संग में सदा गरीब बनकर रहने से भगवत स्वरूप पहचाना जा सकता है। माया का दो प्रकार है ? जड़माया जो धन सम्पति या अन्य पदार्थो द्वारा सभी को आक्रांत करती है, दूसरी चेतन माया जो स्त्री इत्यादि केरूप में कही गयी है। इसलिये श्रीजी महाराजने संतो को स्त्री-धन का त्यागी बनाक र त्यागी का भेष धारण कराकर, उनपर अमित कृपा वर्षाकर पूर्ण समर्थ बनाया है, जिससे उन संतो के संग में आये हुए जीव का कल्याण संभव हो जाता है।

जिन्होंने इस लोक में वैभव सुख की प्राप्ति में ही सभी सुख मानलिया है वे रात-दिन माया को प्राप्त करने में ही रचेपचे रहते हैं। जिससे उन्हें भगवान की याद नहीं आती। इसलिये तो श्रीजी महाराज ने वचनामृत में कहा है जो लोग बड़े बंगले वाले है, गाड़ी वाले है उनसे हमारी पटरी नहीं खाती। करोड़ो जन्म के बाद यहजन्म मिला है तो जगत की असारता को समझने के बाद भी नाशवंत पदार्थ की तरफ मृग मरीचिका की तरह दौड़ना उचित नहीं, इससे भगवान भुलाजाते है।

जिसे परमेश्वर में प्रीति हो वे जगत के पदार्थ में प्रीति नहीं करते। "भगवान का भक्त हो यदि वह जागतिक पदार्थो में मन लगावे तो वह शून्य ही कहा जायेगा। जो पदार्थ भगवान की भजन में विघ्न रूप बने हो, उनका सर्वथा त्याग करना चाहिये।

भगवान की बराबरी में दुनिया का कोई ऐसा पदार्थ नहीं जो बराबरी कर सके, इसलिये भगवान की यथार्थ महिमा समझकर देव मंदिर में दर्शन के समय कथा वार्ता सुनते हों तो एकाग्रता बनी रहे यह आवश्यक है। कितने भक्त मंदिर में आकर देव के समीप बड़ी ऊँची आवाज में ग्राम्यवार्ता, एक दूसरे से हाल-समाचार, घर-गृहस्थी की वात पूछते रहते हैं। कितने तो मोबाइल पर देव के समीप में भी वात करते रहते हैं। लगता है जैसे देव से ही वात कर रहे हो। ऐसे स्थल पर मन को एकाग्र करने की जगह पर व्यग्र करने की क्या आवश्यकता। अब विचार यह करना है कि महाराजने जो वचनामृत में उपदेश किया है। उससे आप संमत है या नहीं ? इस प्रभु में प्रगटता का भाव आये तो व्यर्थ की ग्राम्य वार्ता से छुटकारा हो जाय। माया के बन्धन से छूटने के लिये तथा प्रभु को पहचानने के लिये मंदिर में प्रतिदिन आते हैं। प्रभु में जो तत्व है वह अन्यत्र नहीं है। प्रभु भजन के सिवाय सर्वत्र माया की ही वात है। धन-संपत्ति प्राप्त करने के लिये प्रभु की भजन में कमी होने लगती है। संपूर्ण प्राप्त संपत्ति यही रह जायेगी। जितनी प्रभु सेवा में लगाई गई वही उपयोगी है वही अपनी है।

श्रीजी महाराजने गढडा मध्य के ४९ वें वचनामृत में कहा है कि "अज्ञानी तो अति मूर्ख है जो भगवान तथा संसार के पदार्थ को समान समझते है। परिणामत: चौरासी लाख योनियों में भटकते रहते है। लेकिन जो भगवान के स्वरूप का दर्शन करते है काल-माया के बंधन से छूट जाते है।

गढडा मध्य-५० वें वचनामृत में भी कहा है कि जिससे हृदय में जगत के सुख की वासना हो उसकी संगति कभी नहीं करनी चाहिये। इसलिये जो निर्वासनिक भगवान के भक्त हों उन्हीं की संगति करनी चाहिये। वे हमें बहुत प्रिय हैं। यही हमारे हृदय का रहस्य है। वारंवार इस जगत के आने जाने की अपेक्षा प्रभु भजन करके जगत से छूटकारा लेना चाहिये।

प्रिय भक्तों ! आज से नूतन वर्ष की शुभ कामना के साथ संकल्प करें कि "हे प्रभु ! हमें प्रत्येक क्रिया में आपकी ही याद आवे, मनोबल दृढ बने। महाराज की मूर्ति के सेवा अन्य कुछ याद में न आवे। गदगद कंठ से तथा रोमांचित गात्र से की गई प्रभु की प्रार्थना, उसे प्रभु अवश्य स्वीकार करते हैं। सभी को इसी अभ्यर्थना के साथ वाचको को नूतन वर्ष का जयश्री स्वामिनारायण।



श्रीजी महाराज के प्रसादी का स्थल
अहमदाबाद मंदिर

- गोरधनभाई वी. सीतापरा (हीरावाडी-बापुनगर)

इसी निम्ब वृक्ष के नीचे वेदिका पर एक समय श्रीहरि विरामजान थे। सभी संत श्रीहरि में एकाग्रवृत्ति लगाकर बैठे थे। उसी समय नट लोगों की विन्ती पर महाप्रभुने खेलने की आज्ञा दी। एकाग्रवृत्ति से खेलते नटों को देखकर श्रीहरिने संतो से कहा, ये सभी नट बांस में बाधी हुई डोरी में एकाग्रवृत्ति रखकर केवल पेट भरने के लिये खेलते है, इसी तरह आप भी अपने कल्याण के लिये इष्टदेव भगवान की मूर्ति में निरंतर एकाग्रवृत्ति रखें। बाद में स्वामिनारायण भगवान नटों पर प्रसन्न होकर उन्हें लड्डू तथा पैसे दिये।

एक समय देव दीवाली आई, उस समय श्रीहरिने बड़ा उत्सव किया। मंदिर के दरवाजे के पास में निम्ब वृक्ष के नीचे वेदिका ऊपर विराजमान हुए। संत-हरिभक्तों की सभा हुई। उस समय महामुनि आनंदानंद स्वमीने श्रीजी महाराज को नाना विधअलंकारो से अलंकृत वस्त्रों को पहनाकर मस्तक पर चंदन लेपन करके प्रेम से पूजा किये। पुष्पों के बाजू-बन्द हार इत्यादि धारण करवाये। नवीन श्वेत वस्त्र पहनाये इस दिव्य अलौकिक स्वरूप का दर्शन करने इन्द्रादिक देवता आकाश में आये। आश्चर्य के साथ कहने लगे देवो ? कितनी भाग्यशाली अहमदाबाद की धरती है। जहाँ पर साक्षात् सर्वोपरि श्रीहरिस्वयं विराजमान हैं।

इसी स्थान पर एक समय संत-हरिभक्तों की सभा हुई थी उस समय श्रीहरि के ज्येष्ठ भ्राता रामप्रतापभाई भी उपस्थित थे। रामप्रतापभाई के मन में संशय हुआ कि इस घनश्याम को त्यागी गृही सभी भगवान मानकर पूजते हैं। सही में यह भगवान है या नहीं ? जब वे इस तरह विचार कर रहे थे। उस समय श्रीहरि उनकी तरफ देख रहे थे। उसी समय श्रीहरि के शरीर में से उज्जवल तेज का प्रवाह देखा। यह देखते ही उन्हें समाधिहो गयी। समाधिमें अनेक सूर्य के समान तेजस्वी अक्षरधाम देखा। उस धाम में एक दिव्य सिंहासन देखा। उस सिंहासन पर घनश्याम महाराज को देखा। अनंत प्रधानपुरुषादिक ईश्वर तथा अनंत अक्षरधाम के मुक्त लोग श्रीहरि की सेवा पूजा कर रहे थे। इस के अलांवा अपने माता-पिता धर्म-भक्ति को भी श्रीहरि की पूजा करते देखा। इसी से उन्हे दृढ निश्चय हो गया कि ये हमारे भाई घनश्याम साक्षात् पूर्णपुरुषोत्तम नारायण हैं।

दरवाजा : इस स्थान पर ऊपर के भाग में श्रीजी महाराज विश्राम करते थे। उसी की ओसारी में खड़ा होकर दर्शन भी देते। उसी दरवाजा के ऊपर श्रीजी महाराज श्री वासुदेव महात्म्य सुने थे, यह वात वचनामृत में लिखी है। वह पुराना दरवाजा गिरजाने से उसी स्थान पर धर्मधुरंधर महाराज श्री पुरुषोत्तमप्रसादजी नूतन भव्य दरवाजे को बनवाये थे।

हवेली : देश-विदेश के लाखों आगंतुक इस ऐतिहासिक सुंदरता को देखकर आनंदका अनुभव करते हैं। इसके भीतर की काष्ट कलाकृति बेनमून है। इसी स्थान पर आचार्य महाराजश्री का निवास स्थान है। इसमें भी अंदर के भाग में श्री घनश्याम महाराज की पूरेकद की काष्ट प्रतिमा है। पहले चौक में महाराज नट का खेल कराये थे।

सभा मंडप : इस सभा मंडप की रचना तथा ऊपर के भाग में संतो के रहने की धर्मशाळा की रचना करवाये। उसी धर्मशाला से मिलने आते थे। संतो की रसोई यहीं होती। स्वयं श्रीहरि संतो को पिरसकर भोजन कराते थे। जब भोजन कराते थक जाते थे तो दोनो तरफ कुर्सी रखकर आराम करते थे। उसी स्थान पर स्मृति चिन्ह के रूप में चरणारविंद प्रतिष्ठित किया गया है। इस सभा मंडप के स्तंभ तथा उपकरण जो नाना विधकलाकृतियों से अलंकृत हैं। मंदिर के चौक से सभामंडप तरफ की भूमि सभामंडप के साथ ब्रह्मचारी की भूमि कही जाती है। कारण यह कि वहाँ स्त्रियों का प्रवेश नहीं है।

सभा मंडप के बीच में गादी स्थान की भूमि है। इस स्थान पर पुरानी धर्मशाला थी, जहाँ पर कईबार श्रीहरि सभा करके विराजमान होते थे। इस के आलांवा रात्रि के समय गादी

तकिया लगवाकर रात्रि विश्राम करते थे। वहीं पलंग आज भी हवेली के ऊपरी भाग में अवधभवन में रखी हुई है। इस सभा मंडप के बीचोबीच गादी स्थान की भूमि पर चांदी जडित सिंहासन रखा हुआ है। जिस पर प्रतिदिन प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री विराजमान होकर कथा श्रवण करते हैं तथा संत-भक्तों को दर्शन-पूजन का सुख देते हैं। किसी विशिष्ट उत्सव प्रसंग पर विशाळ सभा को आशीर्वचन का सुख देते हैं। इस सिंहासन पर श्रीजी महाराज द्वारा स्थापित धर्मवंशी आचार्य परंपरा के आचार्यश्री जो श्रीहरि के अपर स्वरूप हैं वे नित्य विराजमान होकर संत-भक्तों को दर्शन देते हैं। संत कथा करते हैं। धनुर्मास जैसे उत्तम प्रसंगो पर नित्य धुन-कीर्तन भक्तजन करते रहते हैं।

श्रीजी महाराज द्वारा स्थापित अहमदाबाद तथा वडताल इस तरह दो गादी स्थान हैं। इस पद पर जो विराजमान होते हैं वे इस स्वामिनारायण संप्रदाय के बडे होते हैं। श्रीहरि ने धर्मवंशी आचार्यश्री को यह अधिकार दिया है।

रंग महल : यह रंग महल जब श्रीहरिने मंदिर का निर्माण कार्य प्रारंभ किया था उस समय इसी रंग महल में उतरते थे। उनके निवास का यह उत्तम स्थान था। इसी लिये श्रीहरि जब-जब अहमदाबाद आते तब-तब यहीं निवास करते। गढडा के अक्षर प्रकोष्ठ की तरह यह रंग महल है। इसके भीतर के भाग में भोजन करते तथा ऊपर के भाग में विश्राम या शयन करते। जो आज सुख शैया के रूप में जानी जाती है। जब-जब अहमदाबाद में किसी उत्सव विशेष पर श्रीहरि अहमदाबाद आते तो इसी खाट पर चढकर रंग की वरसात करते थे। इस दर्शनीय स्थल में श्रीहरि की स्मृति के लिये श्री घनश्याम महाराज की मूर्ति प्रतिष्ठित की गई है। जो मूर्ति अत्यंत चमत्कारिक तथा ध्यान करने के योग्य है। कारण यह कि इस मूर्ति का दर्शन करते ही जैसे प्रत्यक्ष घनश्याम महाराज के दर्शन का लाभ मिल रहा हो।

अक्षर भवन : आनंदानंद स्वामी की चिंता दूर करने के लिये रात्रि में दिव्य शरीर से आकर आनंदानंद स्वामी को जगाये तथा जमीन के भीतर से सोना का मंदिर निकाल कर बताये। उस समय श्रीहरि उसी स्थान पर खड़े थे। घनश्याम महाराज की मूर्ति जहाँ विराजमान है वहाँ प्रदक्षिणा करते समय ऊपर-नीचे दोनो भाग में प्रसादीकी अपार वस्तुओं का दर्शन होता है। श्रीहरि के प्रसादी के चरणारविंद यहाँ पर अधिक संख्या में हैं। इसी लिये यह अक्षर भुवन भी प्रसादी का कहा जायेगा।

(क्रमशः)

धनुर्मास के विशेष कार्यक्रम

दि. १५-१२-२००८ से दि. १४-१-२००९

प.पू. बडे महाराजश्री, प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री तथा समस्त बहनों की धर्मगुरु अ.सौ. पूज्या गादीवालांजी की उपस्थिति में अपने इष्टदेव सर्वोपरि श्री स्वामिनारायण भगवानने जीव मात्र का कल्याण करने के लिये भजन स्मरण करने के लिये वर्ष में एकबार धनुर्मास सुलभ कर दिया है। शरीर को कंपाने वाला ठन्डी में सत्संगीयों का समुदाय आबाल वृद्ध नरनारी सभी उस काल में श्री स्वामिनारायण महामंत्र की धूनि में इतनी अधिक संख्या में उमड़ पड़ता है कि सभा मंडप मैं बैठने की जगह ही नहीं मिलती। अहमदाबाद शहर के एवं ग्राम्य के भक्तजनों को अनुरोध है कि धनुर्मास के धुनि में भाग लेने से वंचित न रहजांय, वे अवश्य पधारें।

धनुर्मास के विशेष कार्यक्रम		
प्रातः ५-०० बजे	:	रंग महल घनश्याम महाराज के सांनिध्य में धुनि
प्रातः ५-३० बजे	:	मंगला आरती
प्रातः ५-३० बजे	:	भजन-कीर्तन
प्रातः ६-०० बजे	:	धुनि
प्रातः ६-३० बजे	:	शृंगार आरती

मासिक धुनि
रु. 1500/-

दैनिक धुनि
रु. 100/-



देयर भाभी का प्रेम

- चंद्रकांतभाई पाठक (गांधीनगर)

संवत १८४८ कार्तिक शुक्ल दशमी शनिवार (सन. १७९१ ता. ३१ अक्टूबर) के दिन भक्तिमाता के अक्षरवास के बाद श्रीहरि अपनी भाभी मां को भक्तिमाता की तरह प्रेम करते थे। बालक के स्वभाव को छोड़ दिये। भाभी जैसा कहती वैसा करते। उनका संमान करते। बोलने में मान देते। सुवासिनी मां भी घनश्यामजी के प्रति वैसा ही प्रेम करती थी। पुत्रवत् भाव रखती थीं। भक्ति देवी के अक्षरवास को अधिक समय नहीं हुआ था। परिवार विरह व्यथा से पीड़ित था। धर्मदेव तथा बडेभाई ज्ञान दृष्टि से धैर्य रखकर स्वस्थ बने रहे। इच्छाराम बहुत छोटे थे। इसलिये उन्हें बालक्रीडा में प्रसन्न रखते थे। परंतु घनश्याम को विशेष ध्यान देना पड़ता था। सुवासिनी भाभी को भक्तिमाता की अनुपस्थिति काफी पीड़ा कारक थी। गृहस्थी के नानाविधकार्य करते हुए भी मात्र भक्तिमाता की याद आती। क्योंकि किसी भी कार्य के लिये भक्ति माता सुवासिनी भाभी को कहती। घनश्याम को बुलाना अथवा अमुक कार्य करदे। माताजी के ऐसे बहुत सारे शब्द आज भी कान पर गूंजते रहते थे। सबसे बड़ी जिम्मेदारी घनश्याम के देख रेख की थी। कारण यह कि घनश्यामजी अब थोड़ा समझदार हो गये थे। माता की कमी उन्हें खले नहीं इस तरह का ध्यान रखती थी। कुटुंब से निस्पृह होकर तीर्थाटन की इच्छा मन में बनी रहती थी। इसी लिये उदास रहते थे। उनके उदास रहने से सुवासिनी भाभी काफी चिन्तित रहतीं। हे घनश्याम! माता के समय जिस तरह रहते थे उसी तरह अब भी रहिये, मित्रों के साथ खेलने जाइये। आप को जो चाहिये वह मांगिये विना संकोच के हम देंगी। आप को कुछ खाना पीना हो तो भी आप कहें। माताजी तो हमें भी रातदिन बहुत याद आती है, ऐसा कहकर खूब जोर से रोने लगीं। बाद में घनश्याम समझाते हुये कहते हैं कि भाभी! आप हमें धैर्य देती है स्वयं अब शांत हो जाइये। देवर भाभी दोनो प्रेम से एकदूसरे के आंसू को पोंछे तथा स्वस्थता का अनुभव किये।

अयोध्या में सरयू का किनारा बहुत लंबा है। किनारे पर असंख्य देव मंदिर हैं। अनेक स्थानिक श्रद्धालु भक्त प्रातः सायं पूजा-पाठ करते हैं। नगारा झालर घंटारव से सम्पूर्ण वातावरण गूंज उठता है। स्वर्ग मार्ग तक पहुंचने वाली धूप-दीप की सुगंधदेवताओं को मुग्धकरती थी। मंदिरो के शिखर पर लहराती पताका इन्द्रपुरी के अमरों को मानो आमंत्रण दे रही हो। इसीलीये देवतालोग स्वर्ग की गंगा को छोड़कर सरयू मैया में स्नान-पूजन करने उतरते थे। गुप्तघाट, स्वर्गद्वार, लक्ष्मणघाट, रामघाट, सीताघाट इत्यादि स्थलों पर अनेकलोग स्नान पूजन करते थे। अयोध्या आकर निवास करने के बाद श्रीहरि भी यहाँ स्नान करने आते, विप्रघाट पर स्नान करके नित्य नैमित्तिक विधिपूर्ण करके श्रीराम जन्मस्थान हनुमानगढी, कनक भुवन रत्नसिंहासन, रंग महल, मानसभवन, नंदिग्राम इत्यादि स्थानो का दर्शन करना नित्य क्रम था।

(क्रमशः)



कंठी

- साधु वंदनप्रकादास गुरु साधु भक्तवत्सलदास

सर्व शक्तिमान जगतकर्ता भगवान की जो शरण स्वीकारते हैं उनकी पहचान हैं कंठी । कंठी शरणागति की श्रेष्ठ पहचान है । "मैं भगवान को समर्पित हूँ, मैं भगवान का हूं। यह भावना कंठी दृढ करती है । इसे धारण करने के लिये श्रद्धा आवश्यक है।

भगवान स्वामिनारायण की आज्ञानुसार जीवन यायन करने वाले संत या गुरुसे कंठी धारण करके मंत्र लेना चाहिये । बाद में गुरुशरणागति के मंत्र बोलते हैं।

काल माया पाप कर्म यम दूत भयादंहम् ।
श्रीकृष्ण देव शरणं प्रपन्नोऽस्मि स पातुमाम् ॥

इस मंत्र के बोलने से इस जन्म तथा पूर्व जन्म के पाप जलकर खत्म हो जाते हैं । तथा नूतन जीवन जीने की नई प्रेरणा मिलती है।

कंठी में दो लर होती है प्रथम आत्मा की तथा दूसरी परमा की परिचायक है । इस तरह दोनो एक साथ कंठी धारण करने से आत्मा परमात्मा का मिलन बताया जाता है । तुलसी की कंठी श्रेष्ठ मानी जाती है । कारण यह कि आयुर्वेद की दृष्टि से नाना प्रकार के गुण तुलसी में होते है तथा अध्यात्मिक दृष्टि से अत्यन्त पवित्र होती है।

अपने संप्रदाय में कंठी पहनने की प्रथा कब से प्रारंभ हुई इसका एक इतिहास है -

एक समय गढपुर में दादा खाचर के दरबार में महाराज संत भक्तों के साथ सभा में बैठे थे । महाराज कथा के माध्यमसे आनंदित कररहे थे।

इतने में गढड़ा गाँव के हरिभक्त खीमा सुतार सभा मेंआये । महाराज को दंडवत्-प्रणाम किये । स्वयं नारियल के खुज्झे से बनाई हुई कंठी महाराज को अर्पण किये । कंठी देखकर महाराज बहुत प्रसन्न हुए । स्वयं जिस साल को ओढे थे सुतार को ओढा दिये।

मुक्तानंद स्वामी, ब्रह्मानंद स्वामी, गोपालानंद स्वामी इत्यादि संत एवं भक्त इस कंठी को देखकर प्रसन्न हो गये । बाद में महाराजने कहा ऐसी ही कंठी तुलसी की या चंदन की आज से सम्प्रदाय में धारण करने का रिवाज प्रारम्भ कर दिया जाय । सभी संत हरिभक्त महाराज की आज्ञा को स्वीकार कर लिये । परंतु आसपास के गाँवो में या शहरों में कही चंदन नहीं मिलता था । खीमा सुतार ने कहा महाराज अगल बगल के गाँव में चंदन की कंठी नहीं मिलेगी तब क्या करेंगे।

महाराजने कहा आपको जितना चाहिये उतना मिलेगा । आप सुरत जाइये वहाँ से चंदन लेआइये । महाराज की आज्ञा से सुतार सूरत जाकर चन्दन खरीद कर ले आये । उसमें से दो लर की कंठी बनाकर प्रथम कंठी महाराज को अर्पण किया । बाद में सभी संत हरिभक्तों को दिये । उसी समय से अपने संप्रदाय में कंठी पहनना प्रारंभ हुई।



अब हममें कोई न्यूनता रही नहीं

- अतुल भानुप्रसाद पोथीवाला (अमेरिका)

वचनामृत में श्रीहरि ने जो वचन कहा है वह "हवे मारे कांई न्यूनता रही नथी" । अब हममें कोई न्यूनता नहीं रही) ऐसा वचन यथार्थ में समझने लायक है।

विश्व इस समय "ग्लोबल विलेज" बनने जा रहा है, बल्कि बन गया है । जीवन में भाग दौड़ बढा है । इन्फोर्मेशन टेक्नोलोजी तथा टेली कोम्युनिकेशन के विश्व व्यापी प्रसार से सम्पूर्ण जगत एक घर का आंगन जैसा बन कर रह गया है । कम्प्यूटर की स्वीच दबाइये कि सारा जगत आपकी मुठ्ठी में, माउस को इधर से उधर करिये कि समाचार का खजाना आपके सामने आजायेगा । टी.वी. का माध्यम भी कमाल कर दिया है । इसका उत्तम परिणाम तो कम लेकिन खराब असर तो सभी पर अधिक हुआ है । मार्केट स्ट्रेटेजी इस प्रकार की बनती जा रही है कि लोगों में व्यवसायी करण बढ रहा है । यंग जनरेशन्स के आचार-विचार बदल रहे हैं । ए सभी अर्वाचीन परिवर्तनो से स्ट्रेल, टेन्शन तथा डीप्रेशन्स की बढत हुई है।

जीवन शैली भी तीव्रगति से परिवर्तित हो रही है । वर्षो पूर्व दिन मा धीरे-धीरे वीतता था, परंतु आज तो दिन मानो दौड़ने लगा है । उसके साथ मनुष्य भी कदम बढाये जा रहा है । प्रातः से रात्रि पर्यंत उसे रोने का भी समय नहीं है । वह सम्पूर्ण दिन क्या किया उसके पास विचारने का समय नहीं है।

ऐसे संयोगो में तन, मन दोनो को स्वस्थ रखना बड़ा कठिन है । यह मात्र परम कृपालु परमात्मा की परम कृपा है कि पूछने लायक नहीं । सत्संगियो के लिए वचनामृत मात्र ज्ञान परक ही नही है । परंतु सरल, सहज, स्वस्थ तथा निरामय जीवन जीने के लिये उपदेशात्मक वचन भी है।

इन वचनो के मर्म को समझकर मनन, निदिध्यासन करके वैसा ही जीवन में आचार-विचार-व्यवहार रखें तो अद्‌भुत परिणाम प्राप्त होगा।

"मुझ में कोई न्यूनता रही नहीं" इस प्रकार की समझ एक अद्‌भुत अनुसंधान है जो इसके मनन एवं निदिध्यासने से जगत व्यवहार की प्रवृत्तियों में स्ट्रेस नहीं रहता । बल्कि मन की एषणा तथा खराब चाहनाओं के ऊपर काबू पाया जा सकता है । तथा अपने पास जो है वह उत्तम है ऐसा विश्वास होने लगता है।

"मुझमें कोई न्यूनता नहीं रहीं" ऐसी समझ को प्राप्त करने की प्रथम सीढी यह है।

"निर्विकल्प उत्तम अति निश्चय तव घनश्याम" इष्टदेव परमात्मा श्री स्वामिनारायण भगवान का निश्चय कैसा होना चाहिये तो कहते हैं -

निर्विकल्प - जिसके स्वरूप तथा जिसकी सर्वोपरिता के विषय में कोई विकल्प नहीं होना चाहिये । एकमात्र पुरुषोत्तम नारायण ही हमारे भगवान है । ये ही सभी अवतारों के अवतारी हैं, सभी कारण के कारण है । जगत की उत्पत्ति स्थिति, लय के कर्ता है । ये ही सर्वोपरि भगवान है । ऐसा अडिग निश्चय ही सबकुछ सरल कर देता है।

दूसरी सीढी है।

सत्संगी को प्रभु की आज्ञा में फर्क नहीं आने देना चाहिये (ग.प्र. २५)

त्यागी तथा गृही दोनो के लिये आज्ञा स्री शिक्षापत्री के अनुसार जीवन जीने के सरल एवंसहज रीति ही सहज आनंद तथा सहजानंदी स्वरूप दोनो की एक वाक्यता बनी रहनी चाहिये।

तीसरी सीढी का निरूपण श्रीजी महाराज इस तरह करते हैं "सत्संग में जिस भगवान की वात चलती है, उसी का सतत अनुसंधान बना रहे तो सत्संग का प्रताप उत्तरोत्तर बढता रहेगा। अखंड परमेश्वर के स्वरूप का चिंतन भी भक्ति का पोषक बनेगा।" (ग.प्र. ३०)

सत्संग में जिस भगवान की बात चलती है, उसी भगवान को जानना चाहिये इसके लिये सत्संग करना परम आवश्यक है। कारण यह कि "भक्ति तथा सत्संग के विना विद्वान भी अधोगति को प्राप्त होता है।" (शि.प. १४४)

(१) इष्टदेव महाप्रभु श्री स्वामिनारायण भगवान में निर्विकल्प तथा अति उत्तम ऐसा अडिग निश्चय (२) भगवान की आज्ञा में फर्क नहीं होना चाहिये। (३) सत्संग का पक्ष रखकर सदा सावधान रहना चाहिये।

श्रीजी महाराज के इन तीन सोपान का बोधपरक वचन सतत अनुसंधान करते हुए "अब मुझमें किसी प्रकार की कमी नहीं है, यह अंतर में उतार लेना चाहिये। यह कोई लौकिक भाव नहीं है। यह हरि प्रेरित अलौकिक भावना है।"

श्रीहरिने जो हम सभी के लिये उद्बोधन दिया है, उस पर सदा ध्यान रखना चाहिये। अब मुझ में कोई कमी नहीं है यह समझकर भगवान की भजन करते रहना चाहिये। भगवान जबसे हमें मिले हैं और जब से हम उन्हें पहचान सके है, तब से हम पूर्णकाम हो गये है। ऐसी समझ सदा हृदय में उतारने की जरूरत है। भगवान का कृतार्थ भाव हृदय में बना रहना चाहिये।

कृतार्थपना किसका ? तो कृतार्थपना श्रीहरि के निर्विकल्प, उत्तम निश्चय का, कृतार्थपना श्रीहरि की आज्ञा पालन का, कृतार्थपना श्री सहजानंद स्वामी द्वारा स्थापित सत्संग के पक्ष का कृतार्थपना को अच्छी तरह समझाते हुए श्रीहरि कहते हैं।

"अब मुझमें कोई कमी रही नहीं" इस समझ को किसी दूसरे भाव में लाकर उपयोग करना अर्थात् अग्नि में बीज वपन जैसा होजायेगा। ऐसे ऐश्वर्यशाली समर्थ भगवान तथा सर्व कल्याणकारी सत्संग प्राप्त हुआ है फिर भी न्यूनता रखना तथा अकृतार्थपना का भाव आजाय तो ऐसा मानना चाहिये कि रेती में बीज वपन किये और वह व्यर्थ चला गया। उगा ही नहीं। इसलिये जो हमने कहा वह जो अपने हृदय में उतार कर जीवन में वर्तन करे तो न्यूनता नहीं रहती। (ग.प्र. २५)

महाराज ने जो समझाया है उसके अनुसार "अब मुझ में कोई कमी नहीं रही" इस समझ स्री बीज की रख रखाव करनी चाहिये। महाराज की आज्ञा में अपना अभ्युदय है अन्यथा अन्यत्र का प्रकाश अग्नि में बीज डालने के बराबर है, या रेती में बीज बपन के बराबर जिस में कभी अंकुर निकलने वाला नहीं है। जब पूर्णता आ जाती है तो कुछ शेष नहीं रहता।

श्री स्वामिनारायण अंक के सदस्यो के लिये

श्री स्वामिनारायण अंक के सभी प्रिय सदस्यो को सूचित किया जाता है कि नवम्बर तथा दिसम्बर २००८ दो महिने का दीपोत्सवी अंक एक साथ प्रकाशित किया जा रहा है। इसके बाद का अंक जनवरी में अर्थात् २००९ में प्रकाशित किया जायेगा। जो निश्चित समय से अर्थात् ११ जनवरी २००९ को पोस्ट किया जायेगा। इसकी सभी को जानकारी हो।

-तंत्रीश्री



मंदिर

- भाईलाल पटेल (केनेडा)

मंदिर अर्थात् शांति का स्थान, त्रिविधताप दूर होने का स्थान। जहाँ पर आठो पहर भजन, कीर्तन, सत्संग, नामस्मरण होता हैं, वातावरण में शांति तथा पवित्रतता हो उसे मंदिर कहते हैं। प्रायः मंदिर चार प्रकार का होता है।

(१) हृदय मंदिर (२) घर मंदिर (३) गाँव या शहर का मंदिर (४) प्रसादी का तीर्थ मंदिर।

सर्व प्रथम अपने हृदय मंदिर के विषय में वात करते हैं। मनुष्य मात्र के हृदय में भगवान का निवास है। प्राणीमात्र के हृदय में भगवान का निवास है। श्री स्वामिनारायण भगवानने शिक्षापत्री के प्रथम श्लोक में कहते हैं कि मैं श्रीकृष्ण भगवान को हृदय में धारण करता हूँ। वे श्रीकृष्ण कैसे हैं जिसके वाम भाग में राधिकाजी है तथा वक्षः स्थल में श्री लक्ष्मीजी विराजमान हैं एवं वृन्दावन में विहार करने वाले हैं।

शिक्षापत्री के ११ वे श्लोक में लिखा है कि सत्संगियों को किसी भी प्राणी की हिंसा नहीं करनी चाहिए, इसमें भी जानबूझकर सूक्ष्म-यूका (लीक्षा) मत्कुण (खटमल) इत्यादि की तो कभी भी हिंसा नहीं करना।

शि.प. १०८ में लिखा है कि ईश्वर सदा हृदय में विराजमान है, जीव के लिये भी वे अन्तर्यामी रूप है, तथा स्वतंत्र है, सभी के कर्मफल को देनेवाले हैं। इस तरह ईश्वर को जानना चाहिये।

अपने हृदय में ठाकुरजी के विराजमान होने के लिये स्थान कैसा होना चाहिये।

अपना हृदय मंदिर शुद्ध, निर्मल एवं पवित्र होना चाहिये। काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मात्सर्य, अहंकार इत्यादि अंतःशत्रुओं से रहित होना चाहिये। वारंवार आत्ममंथन रूप मार्जनी से हृदय की गन्दगी को साफ करते रहना चाहिये। कहीं हमारे हृदय में मायास्त्री राग भर तो नहीं गया हैं इसका सतत अन्वेषण करते रहना चाहिये। दुर्गुण तो नहीं आ गया ? अपना हृदय निर्मल तथा स्वच्छ हो तो ठाकुरजी अवश्य हृदय में बिराजमान होंगे। देव की तरह पवित्र हों तो ही देव हमारी पूजा स्वीकार करेंगे। हमारे साथ सदा रहेंगे। सभी कार्य में सहायक तथा मार्गदर्शक बनेंगे। हरिभक्तों के वचन में भगवान का वचन आयेगा।

अब मंदिर का विषय आता है - मंदिर अर्थात् घर मंदिर। धरती का अंत अर्थात्, घर, आप जहाँ कहीं भी काम धन्धे के लिये गये हों सायंकाल आवे तो वह अपने घर आया कह लायेगा। अरे ! परदेश में डोलर कमाने गये हो, तथा दो-पांच वर्ष में अपने गाँव, शहर या देश में वापस आते हैं तो, कोई विशेष प्रकार का आनंद आता है। शांति मिलती है। अहो मेरा घर, मेरा गाँव, मेरा शहर, मेरा देश इत्यादि की अनुभूति होती है, यह कब संभव होगा ? जब अपने घर के आंगन में कोई प्रेमी प्रतीक्षा कर रहा हो, लम्बे मार्ग से आने वाले दृष्टि डाले बैठा हो, घर आनेवाला चाहे वह छोटा बालक ही क्यों न हो, घर का व्यक्ति हो या आने वाला कोई अभ्यागत हो। उसका प्रेम से सम्मान करो। उसका हृदय से स्वागत करो। वह आपका घर मंदिर बन जायेगा। बालक विद्यालय से घर आया हो, आप नौकरी से घर आये हो, आपसे कोई भूल हो गई हो, उस समय जब आप घर आते है, घर में प्रवेश करते ही आंखो से तथा वाणी से प्रेम का सिंचन मिले तो दिन भर की थकान उतर जायेगी, मन का दुःख मिट जायेगा।

घर मंदिर कैसा होना चाहिये। घर मंदिर अद्यतन

साधनों से सुसज्ज होना चाहिये। ठाकुरजी का सिंहासन हो, जिस पर ठाकुरजी की चित्र प्रतिमा हो। जो श्रीजी महाराज गढ़डा के प्रथम वें ४८ वें वचनामृत में प्रमाणित किये है वैसा होना चाहिये। अपने संप्रदाय के प्रमाणनुसार हो, श्रीजी महाराज द्वारा स्थापित मंदिरो में प्रसादी कराई गई हो या धर्मवंशी आचार्य महाराजश्री द्वारा स्पर्श की गई हो, ऐसी चित्र प्रतिमा को उस सिंहासन पर विराजमान करना चाहिये।

घर के मंदिर में ठाकुरजी को समय समय पर जल समर्पित करते रहना चाहिये। समय-समय पर आरती करते रहना चाहिये। तथा अन्य सेवा भी की जा सकती है। अपनी नजर से सदा मिलती रहनी चाहिये, ठाकुरजी के चरणारविंद में सदा ध्यान रखकर दर्शन करते रहना चाहिये, सिंहासन पट मूर्ति इस तरह विराजमान करना चाहिये कि शिक्षापत्री में जिस तरह गृहस्थाश्रम के नियम बताये गये हैं, उसका पालन हो रहा है या नहीं इसका भी चिंतन आवश्यक है। ठाकुरजी का रूम अलग हो, जिसमें बैठकर शांति से भजन-भक्ति कर सके। भोजनालय में या सीढी के नीचे या घर के बिन उपयोगी जगह पर सिंहासन नहीं बनाना चाहिये। प्रातः सायं अपनी समय मर्यादा के अनुसार सभी को एकत्रित करके आरती करनी चाहिये। सभी एक साथ भोजन करें तथा रात्रि की चेष्टा-नियम भी एकसाथ करें।

घर में एकता, सहकार, सद्भाव, सत्संग सेवा की भावना हो तथा सभी को साथ में रखकर, मानसम्मान के साथ सभी कार्य में एकसूत्रता बनाकर, एक समान निर्णय का भाव रखकर कार्य किया जाय तो वह घर मंदिर बन जायेगा। इतना ही नहीं अड़ोश-पड़ोश में भी वह घर मंदिर के रूप में होगा। जिस कुटुम्ब में ईर्ष्या, राग, द्वेष झगड़ा, झंझट, मत्सर, अभिमान, प्रेम का अभाव हो तथा सत्संग न हो तो उस घर में ठाकुरजी नहीं रहते। इसलिये अपने संप्रदाय में मछीयाव की बूआ का प्रसंग खूब प्रसिद्ध है। जहाँ से श्रीजी महाराज तथा परम हंस तैयार रसोई तथा गाँव छोड़कर निकल गये पुनः उस गाँव में नहीं गये। जब कि गढ़डा के एभलखाचर के दरबार में एकता, सद्भावना, सत्संग, निर्माणीपना, इत्यादि के होने से श्रीजी महाराज अपना घर मानकर बीस वर्ष तक अर्थात् अन्तर्ध्यान होने तक वहीं रहे। सत्संग में विचरण करके संत हरिभक्तों के मनोरथ को पूर्ण करके पुनः गढड़ा आजाते थे।

स्वामिनारायण भगवान हम सभी पर कृपा करके दर्शन, उपासना, ध्यान इत्यादि के लिये सुंदर मंदिर बनाया।

तीसरे प्रकार का मंदिर : गाँव या शहर में मंदिर। मंदिर गाँव के मध्य में या गाँव के बाहर होना चाहिये। गाँव बड़ा हो तो दो या तीन मंदिर होता है। इसी तरह शहर का मंदिर मध्य में हो या शहर के बाहर शांत जगह पर या नदी के किनारे पवित्र वातावरण में होना चाहिये। बड़े शहर में विस्तार के अनुसार मंदिर होना चाहिये। अहमदाबाद शहर में ही कालुपुर के मुख्य मंदिर को छोड़कर ४० जितने मंदिर अलग अलग विस्तार में विराजमान हैं।

इनमें कुछ शिखरी मदिर होते हैं तो कुछ चित्र प्रतिमा वाले मंदिर होते है। इन मंदिरो में २-३ संत या हरिभक्त सेवा पूजा करते हैं। जिसकी प्राण प्रतिष्ठा धर्मवंशी आचार्य महाराजश्री द्वारा होती है। जहाँ पर संप्रदाय के अनुसार प्रतिदिन आरती (मंगला, शृंगार, राजभोग, संध्या, शयन) होती है। हरिभक्त समय-समय पर दर्शन, सत्संग तथा सेवा करने के लिये प्रतिदिन आते हैं। वार्षिक त्यौहारों में शिवरात्री, रामनवमी, जन्माष्टमी, दीपावली इत्यादि को बड़े उत्साह के साथ मनाते हैं। इसके साथ आचार्य महाराजश्री का तथा लालजी महाराजश्री का जन्मोत्सव को भी बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। मंदिरों का वार्षिकोत्सव भी बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाता है।

संत हरिभक्तों द्वारा प्रातः सायं कथा-प्रवचन, सत्संग, पारायण होता रहता है। जो विविधप्रकार की सेवायें महाराजश्री की आज्ञा के अनुसार हरिभक्त करते रहते हैं। उन मंदिरों में बाहर से आनेवाले संतो के लिये आवास तथा भोजन की व्यवस्था रहती है।

अब आगे आता है तीर्थ मंदिर या प्रसादी के मंदिर- जिसका निर्माण श्रीहरि ने स्वयं किया हो या पूज्य

आचार्य महाराजश्री ने किया हो । पौराणिक, धार्मिक महत्ववाला होना चाहिये । सुंदर तथा विशाल संप्रदाय के नियमानुसार होना आवश्यक है । संस्कृति से भरपूर चित्र कलावाला होना चाहिये । शिखरी होना चाहिये । जहाँ जाने से सभी प्रकार की मनोकामना पूर्ण होती हो । तीर्थ के मुख्य देव की पूजा की जाती है । प्रभु के दर्शन का प्रत्यक्ष अवर्णनीय आनंद उस में होने वाला है । शुद्ध वातावरण में शांति तथा पवित्रता होती है । यज्ञ, होम, महापूजा, कथा, कीर्तन, चौवीस घंटे चलता रहता है । सत्संगीजीवन, सत्संगिभूषण, वचनामृत, शिक्षापत्री भाष्य, श्रीमद् भागवत कथा पारायण नियमित होता रहता है । महाराजश्री जब दर्शन के लिये पधारते है तो हरि भक्त उनके दर्शन से आत्मकल्याण सिद्ध करलेते हैं । आचार्यश्री के लिये तथा संतो के लिये एवं हरिभक्तों के लिये मंदिरो में ठहरने की यथोचित व्यवस्था रहती है।

वार्षिक धार्मिक उत्सव, पूज्य आचार्य महाराजश्री, पूज्य लालजी महाराजश्री का जन्मोत्सव, तथा वार्षिक पाटोत्सव खूब धूमधाम से मनाया जाता है । इन उत्सवों में लाखों हरिभक्त देश विदेश से भाग लेते हैं । प्रतिदिन मंदिर में पांच आरती होती है । प्रातः राजभोग से लेकर रात्रि शयन तक प्रभु की दैनिक चर्या भी तदनुसार होती है।

शिक्षापत्री के आज्ञानुसार सभी दशवाँ या वीसवां भाग मंदिर में दान देते हैं । पूज्य महाराजश्री की आज्ञा से संत-हरिभक्त तथा ट्रस्टी लोग लेखा जोखा धन राशी का करते रहते हैं । इसके अलांवा स्कूल, कोलेज, दवाखाना, अन्नक्षेत्र, प्राकृतिक आफदा में या मनवसर्जित आपत्ति में अपना मंदिर सेवा करता रहता है । धार्मिक प्रचार-प्रसार हेतु तथा भक्तों के मनोरथ को पूर्ण करने के लिये पू. महाराजश्री भी संतो के साथ देश-विदेश में विचरण करते रहते हैं । मंदिरों में प्रति एकादशी या पूनम को हरिभक्त पैदल चलकर दर्शनार्थ आते रहते हैं।

तीर्थ मंदिर के पास में, गाँव में या शहर में रहने वाले हरिभक्त प्रतिदिन मंदिर में दर्शनार्थ आते हैं । जो दूर रहते हैं वे एकादशी या पूनम को आते हैं । पाटोत्सव या किसी विशिष्ट उत्सव में आते हैं।

हम सभी के लिये अहमदाबाद, वड़ताल, गढडा, जेतलपुर, मूली, धोलका, जूनागढ, भुज, छपैया, द्वारका, अयोध्या तीर्थ मंदिर है । नव मंदिरों में स्वयं श्रीहरिने अपने हाथों से ठाकुरजी की प्रतिष्ठा की थी । जिसमें सर्वोपरि धाम छपैयां मंदिर में हरिभक्त दर्शन करने अवश्य जांय । यही एकमात्र सभी का आश्रय स्थान है, आदर का स्थान है।

साम्प्रदायिक आगामी उत्सव

(१) मूली श्री स्वामिनारायण मंदिर में वसंत पंचमी का उत्सव शिक्षापत्री जयंती म्ठाध शुक्ल पक्ष-५ ता. ३१-१-०९ शनिवार।

(२) उत्तर गुजरात के हार्द समान महेसाणा शहर में भव्य शिखरी श्री स्वामिनारायण मंदिर में मूर्ति प्रतिष्ठा-पारायण-शोभायात्रा ता. ५-२-०९ से ता. ११-२-०९ तक।

(३) श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर अहमदाबाद - सर्वोपरि श्री नरनारायणदेव का पाटोत्सव फाल्गुन-३ ता. २९-२-०९ शनिवार।

(४) कांकरिया-रामबाग श्री स्वामिनारायण मंदिर में भव्य ब्रह्मभोज महोत्सव तथा बाल स्वरूप घनश्याम महाराज के मूर्ति की प्रतिष्ठा महोत्सव एवं ठाकुरजी का पाटोत्सव (नव निर्माण श्री स्वामिनारायण मंदिर) ता. २५-२-०९ से १-३-०९ तक फाल्गुन शुक्ल-५ ।

सभी उत्सव प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री तथा प.पू. बड़े महाराजश्री एवं प.पू. लालजी महाराजश्री के वरद हाथों से धूमधाम से संपन्न होगा।

आदि आचार्य अयोध्याप्रसादजी महाराजश्रीने चमत्कार दिखाया

संकलन - दिनेश के. भगत



श्री नरनारायणदेव की गादी के प्रथम आचार्यश्री अयोध्याप्रसादजी महाराजश्री महा प्रतापी एवं चमत्कारी थे।

मूली में आचार्यश्री अयोध्याप्रसादजी महाराजश्रीने कहा कि यह हठीभाई का मेला है। इसमें हैजा (कॉलरा) आयेगा और हजारों लोग मरेंगे। इसके अलावा वढवाण का दीवान लाधा ठक्कर सत्संग से द्वेष करता है, इसलिये वह आज से पन्द्रह दिन में ऐसी बिमारी आयेगी कि उसका हिलना डोलना बंद हो जायेगा। देह की क्रिया भी दूसरे से करानी पडेगी। शरीर में कीड़े पड़ जायेगें। महा दुःख भोगकर मृत्यु प्राप्त करेगा। ऐसा ही हुआ.

सरपर गाँव के मंगलदास पटेल को काशी का कोतवाल पकड लिये वे खूब दुःख देने लगे। इसलिये वे प.पू. श्री अयोध्याप्रसादजी महाराज के पास आकर पांच प्रकार के नियम लिये, जिससे सभी व्याधिदूर हो गई। स्वामिनारायण के सत्संगी होते ही सम्बन्धित लोग पुनः सत्संग छोडवा दिये। इसलिये फिर से भूत का टोला पकड़ा और त्रास देने लगा। वे कहते कि तूं सत्संग छोड़ दिया है, इसलिये तेरा प्राण लेने आयें हैं। उस समय मंगलदासने कोतवाल से पूछा कि अब हमारा दुःख कैसे दूर होगा, तब भूत बोला कि फिर से पांच प्रकार के नियम लेकर प्रतिदिन नारायणघाट स्नान करके श्री नरनारायणदेव का दर्शन करके उन्हीं के सामने ५० माला फेरोगें तो मैं चला जाऊँगा। पुनः वह आचार्य महाराजश्री के पास जाकर पांच प्रकार का नियम लिया। नारायणघाट स्नान करके मंदिर में एक पग पर खड़ा होकर पचास माला फेरने लगे। तो भूत चला गया और शांति हो गई।

माणसा के राजा आणदाभाईने प.पू. अयोध्याप्रसादजी महाराज को कहा था कि जब हमारी मृत्यु हो तब आप दर्शन देने पधारियेगा। बाद में जब अणदाभाई बिमार हुये और अंत आया तो महाराजश्री का ध्यान करने लगे। वहाँ से महाराजश्री के पास एक पत्र भेंजे। वह पत्र पाते ही भक्त का मनोरथ पूर्ण करने के लिये जलपान करना छोड़कर माणसा अणदाभाई को दर्शन देने के लिये पधारे। नाड़ी देखकर कहे कि अब नाडी नहीं चल रही है, फिर भी आणदाभाई जीवत थे, और महाराजश्री की पूजा करने के तुरंत बाद शरीर छोड़ दिये, अक्षरधाम के लिये प्रस्थान किये।


उसी दिन से ईडर के राजा जुबानसिंहजी ने अपने मामा आणदाभाई को बिमार सुनकर उनका समाचार लेने के लिये किसी ब्राह्मण को भेंजा। वह ब्राह्मण जब आ रहा था। उस समय श्रीजी महाराज पचास अश्वारोहियों के साथ आणदाभाई को अक्षरधाम में ले जा रहे थे, उस समय उसी ब्राह्मण को दर्शन हो गया। ब्राह्मणने एक काठी दरबार से पूछा कि कहाँ से आ रहे हैं आप लोग, तब उन सभी ने कहा कि आणदाभाई के जीव को हम लोग लेकर जा रहे हैं।

इस तरह आदि आचार्य अयोध्याप्रसाजी महाराज बड़े प्रतापी थे, चमत्कारी एवं वचन सिद्ध थे। वे असंख्य लोगो को पांच प्रकार का नियम दिलवा कर तन, मन, धन तथा आध्यात्मिक रीति से सभी को सुखी किये थे।

एक समय गढड़ा में सर्व अवतार के अवतारी पूर्ण पुरुषोत्तम भगवान स्वामिनारायण अक्षर प्रकोष्ठ में रात्रि के समय शयन कर रहे थे। उस समय प.पू. अयोध्याप्रसादजी महाराज दर्शन करने आये। श्रीजी महाराजने पूछा कि इस समय क्यों आये ? आचार्य महाराजने कहा - आप से निवेदन करने आया हूँ। श्रीजी महाराजने कहा कहिये। आचार्य महाराजने कहा कि हमारे श्री नरनारायणदेव देश में साधु, ब्रह्मचारी तथा सत्संगी बहुत कम हैं। वहाँ का व्यवहार कैसे चलेगा ? श्रीजी महाराजने कहा कि "हम आपके पक्ष में है। आपका नरनारायणदेव देश खूब समृद्ध होगा। आप किसी प्रकारकी चिंता मत कीजिये।" ऐसा कहकर श्रीजी महाराज खड़े हो गये और आचार्य महाराज को गले लगाकर कहने लगे कि हम जब आपके साथ हैं, तो पूरे उत्तर देश में सत्संग को फूला-फला रखूंगा। दृढ विश्वास रखना। मैं सदा आपके पास रहूँगा। आपका सभी व्यवहार हम चलायेंगे, ऐसा कहकर महाराज आराम करने लगे।

हम जानते है कि विश्व का प्रथण स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर अहमदाबाद में श्री नरनारायणदेव महाप्रभु की मूर्ति को स्वयं श्रीजी महाराज अपनी बाहों में भरकर प्रतिष्ठित किये थे और यह स्पष्ट किये थे कि जो भी इन मूर्तियों का दर्शन करेगा उनके सभी मनोरथ हम पूर्ण करेंगे। हजारों हरिभक्त पूर्णिमा के दिन आकर अहमदाबाद में विराजमान श्री नरनारायणदेव का दर्शन करके धन्यता का अनुभव करते हैं। कितने हरिभक्त कालुपुर मंदिर में गाँवो से चलकर आते हैं और यहाँ महा प्रभु का दर्शन करके पुनः चलते हुए जेतलपुर जाकर दर्शन करते है तथा सकल मनोरथ को पूर्ण करते हैं।

प.पू. बड़े महाराज श्री तेजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्रीने तथा वर्तमान आचार्यश्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्रीने विदेश में आई.एस.एस.ओ. संस्था की स्थापना करके सत्संग का खूब विकास किया है। आज यु.के. में ११ मंदिर अमेरिका में १२ मंदिर तथा आफ्रिका में नाईरोबी, मोम्बासा, दारेसलाम, कंपाला, अंस्सा, मोक्षी, केस्गुया, एल्डोरेट, नकुस, किसुमु, सीडनी-ओस्ट्रेलीया, ओकलेन्ड-न्युझीलेन्ड, केनेडा, पाकिस्तान, मस्तक, दुबई, सिसल्स तथा मोरेशियस में मंदिरो का निर्माण करवाये तथा यु.एस.ए. में बायरन में मंदिरो का निर्माण कार्य चल रहा है। इस तरह सर्वोपरि भगवान स्वामिनारायण ने आदि आचार्य अयोध्याप्रसादजी महाराजको जो वचन दिया था (निर्गुण स्वामी की वातो-३४३) उसके अनुसार श्री नरनारायणदेव देश दिन-प्रतिदिन वृद्धि को प्राप्त हो रहा है। प्रत्येक हरिभक्त यह अपनी आँखो से देख रहे हैं।



सत्संग सुरभि

नम्रता ही अचूक निशान

- अतुल भानुप्रसाद पोथीवाला (अमेरिका)

एकबार वड़ताल में चैत्री पूनम का बड़ा उत्सव मनाया गया । हजारों मुमुक्षु श्रीजी महाराज के दर्शनार्थ आये । काठियावाड़ी, हालारी, कच्छी, सोरठी, भक्त मंडली एकत्रित हुई थी । रास मंडलीने उत्तम रास प्रस्तुत करके महाराज के मन को मुग्धकर दिया था ।

श्रीहरि कहने लगे - हे हरिभक्तों ! आज नूतन रास देखकर हम बहुत प्रसन्न हुए हैं । परंतु कल हम दूसरी कला देखना चाहते हैं । जो श्रेष्ठ निशानबाज होगा उसे इनाम देना है । इसलिये इसकी पूर्व तैयारी करलीजिये । इस तरह महाराजकी वाणी सुनकर चार भक्तों ने स्वीकार कर लिया । जिस में प्रथम यौवनपगी तथा उन्हीं के दूसरे भाई सुंदरपगी शकरोपगी तथा तखोपगी थे । ये चार भाई निशानबाजी में अग्रगण्य थे । इसमें भी यौबनपगी एक समय तो जब लूटपाट करते थे उस समय निशान बाजी में सर्व श्रेष्ठ कहेजाते थे । चारो भाईयों को निशानबाजी की आज्ञा श्रीहरिने देदी ।

दूसरे दिन प्रातः काल सुन्दरवातावरण में श्रीजी महाराज संत तथा सखाओं के साथ गोमती के किनारे पधारे । तालाब के सामने वाले किनारे के वृक्ष पर चार रंग विरंगी मटुकी लटका दी गई । इन चारों मटुकियों को एक ही तीर से फोड़ना था । महाराज के अगल बगल में काठी दरबार, संत, महंत तथा देश-विदेश से आये हुए भक्तजन बैठेहुए थे । सभी की दृष्टि उन चार मटुकीयों पर पड़ी थी ।

उसी समय चारो भाई सभा में प्रवेश किये । श्रीजी महाराज को प्रणाम करके निशाने की आज्ञा मांगे । उससे पहले उन भाईयों ने कहा कि इसमें जो कोई रण बांकुरा हो तो निशान के लिये आगे आवे । इस में गर्व समाया हुआ था, महाप्रभु इस वाणी को पहचान गये ।

काठी दरबार सभी प्रकार के अस्त्र शस्त्र में प्रवीण होते हैं फिर भी वे बाण बिद्याया बन्दूक चलाने में उतने प्रवीण नहीं थे । उसमें भी जोबन जितनी निशानबाजी नहीं आती थी । इसलिये सभी चुप बैठे रहे ।

"बस ! काठियों का पानी भर गया । ऐसा बोलने के साथ ही जोबन का हाथ मोछ पर चला गया । इस प्रकार का गर्व देखकर महाराज रहस्य समझ गये ।"

महाराज ! अब हम शर संधान करें । इतना कहकर मटुकी की तरफ ध्यान देकर निशान लेने लगे । प्रथम तीर खाली गई । इसी तरह दूसरी, तीसरी, चौथी बार भी खाली गई । यह अभिमानी वृत्ति का परिणाम था। अब आगे शर संधान करें, उस के पहले ही महाराज ने तीर चलाने को मना कर दिया और कहा कि अब बैठ जाओ । पुनः दूसरे भाई सुंदरपगी को संधान करने की आज्ञा दिये । उसकी भी यही स्थिति हुई । वह भी चुप चाप बैठ गया । शकरापगी भी निशान नहीं लगा पाया । तखापगी की भी यही

स्थिती हुई।

सभा में सन्नाटा छा गया। आपस में गुमसुम वातें करने लगे। महाराज की इच्छा के विना कोई कार्य संभव नहीं है। कला भी देने वाले यही हैं। बल भी देने वाले यहीं है, बल लेने वाले भी यही है।

तीन भाईयों की वात अलग है लेकिन जोबन भक्त का निशान खाली जाय यह हो नही सकता।

कोलाहल होने लगा। चारोभाई नतमस्तक खड़े रहे। श्रीहरि सभी को शांत किये। श्रीहरि की दृष्टि गढाणी गाँव के आंबा शेठ पर पड़ी। उन्हें इशारा करके अपने पास बुलाये। आओ आंबा शेठ! इस धनुषबाण को हाथ में लो एक ही बार में काम तमाम करना है, दूसरा बाण लेना नहीं है। आज्ञा मिलते शेठ खड़े हो गये। महाराज के पास आकर चरण स्पर्श करके धनुषबाण को हाथ में लेकर स्थान पर गये।

खाचर, खुमाण, वाला, पटेल, ठाकोर सभी आंबा शेठ के स्थूल कार्य को देखते ही रहे। यह दुकान में बैठकर हींग तौलने वाला शर संधान क्या करेगा? दोनो कार्य अलग है। सभा में सभी मजाक उड़ाने लगे। कोई तो कहा कि यह आपका काम नहीं है, चुप-चाप बैठ जाइये।

लेकिन आंबा भगत महाराज की आज्ञा मानकर मन ही मन प्रणाम करके शर संधान किये। परिणामतः, एक ही बाण चारो मटुकी को फोड़ते हुए आगे निकल गया। सभा में एक साथ तालियों की गड़गडाहट के साथ जयनाद आकाश में गूज गया। श्रीजी महाराज पलंग पर से खड़े हुए और आंबा भगत के गले लग गये।

जोबन भक्त बोले : महाराज! यह शेठ तो हमारी लाज ले लिये वाह शेठ वाह! आपको धन्यवाद है। जोबन भक्त की प्रसन्नता देखकर श्रीहरि भी खूब प्रसन्न हुए। प्रति स्पर्धी पर जो प्रसन्न हो वही सच्चावीर कहा जाता है। महाराज सभाजनों पर दृष्टि करते हुए जोबनपगी को देखकर बोले : जोबन! तलवार-चलाने वाले काठी तथा तीर चलाने वाले पगीयों का पानी उतर गया। शेर के सामने सवाशेर होता ही है। इसलिये कभी भी भगवान या भगवान के भक्त के सामने अभिमान नहीं करना चाहिये।

जोबन तथा तीनो भाई नतमस्तक होकर महाराज का चरण स्पर्श किये। कला का गर्व त्याग कर हल्के बनकर महाराज से कहने लगे। महाराज! हमें माफ करदीजिये। हम अपने शर संधान के अहंकार में डूब गये थे। परंतु आज आपने हमारे नेत्र खोल दिया। बस आगे भी अभिमान न आवे ऐसा हार्दिक आशीर्वाद दीजिये।

महाराज चारों भाईयों को आशीर्वाद दिये तथा सभा में ज्ञान देते हुए कहे कि "जोबन भक्त! आपको तीर अंदाज का थोड़ा अभिमान आ गया था, उसके सामने आंबाशेठ की नम्रता का दर्शन करना पड़ा। नम्रता के सामने गर्व हमेशा हार जाता है। नम्र व्यक्ति सभी को अच्छा लगता है। नम्रता ही अचूक निशान है। यद्यपि आज की इस पृथ्वी पर आप जैसा शरसंधान करनेवाला कोई नहीं है।

महाराज के प्रत्येक शब्द सभी भक्तों के हृदय में उतर गये। भोजन का समय हुआ. मूलजी ब्रह्मचारी महाराज को भोजन के लिये बुलाने आये। महाराज खड़े हो गये। सभा विसर्जित हो गयी। लेकिन भक्तों के मन में श्रीहरि का उपदेश "नम्रता ही एक मात्र अचूक निशान है।"



सत्संग भावधारिका

संपादक : शास्त्री हरिकेशवदासजी (गांधीनगर)

समय रहते सावधान

- शा. हरिप्रियदास (गांधीनगर)

श्रावण महीने में भक्त लोग विशेष रूप से भक्ति, भजन, सत्संग करते हैं। यात्रा, तप, धारणा-पारणा, उपवास करते हैं। कोई पीपल में पानी चढाता हैं, तो कोई तुलसी की प्रदक्षिणा करता हैं। कोई महादेव की पूजा में १००, २००, १०००, १०००० तो कोई एक लाख बिल्वपत्र चढाता हैं। इतना अधिक बिल्वपत्र भोलानाथ पर चढ़ाते हैं कि बिल्व वृक्ष ठूंठा हो जाता है।

एक गाँव में दर्शन के लिये महादेव का विशाल मंदिर था। कितने भक्त प्रतिदिन दर्शन करने आते, दूधचढ़ाते पूजा करते और अपने घर वापस जाते। एक दिन मंदिर में एक जोशी महाराज शिवजी के पास बैठे थे, वे ॐ नमः शिवाय का माला जप रहे थे, इतने में एक भक्त दर्शन करने आया। वह जोशी महाराज का चरण स्पर्श किया, जोशी महाराज ऊपर देखे तो वह भक्त हाथ जोड़कर खड़ा था। जोशी महाराज ने कहा भाई आप तो बड़े भाग्यशाली है। ऐसा इस समय का योग है। आकाश में नक्षत्र ग्रह का संयोग ऐसा है कि जो भोलानाथ को बिल्वपत्र चढायेगा वह बिल्वपत्र सोने का हो जायेगा। इतना कहकर जोशी महाराज पुनः जप करने लगे। वह भक्त दर्शन करके वहाँ से बाहर आया, मार्ग में चलते-चलते विचार करने लगा कि ऐसा होता है क्या कि बिल्वपत्र सोने का हो जाए ? यदि बिल्व पत्र शिव पर चढाने से सोने का हो जाए तो दूसरा काम ही नहीं करना पड़ेगा। ऐसा विचार करता हुआ वह जा रहा था कि सामने बिल्व वृक्ष दिखाई दिया और उसके विचार बदल गये उसने बिल्वपत्र तोड़ा उसी मंदिर में गया जहाँ जोशी महाराज जप कर रहे थे। वह भक्त मात्र एक ही बिल्व पत्र उदाहरणार्थ तोड़कर भगवान भोलेनाथ पर चढाने के लिये लाया था, सो वह बिल्वपत्र चढाते ही सोने का हो गया। वह तो खुश-खुश हो गया। अब दौड़ते-दौड़ते वह बिल्ववृक्ष के पास पहुंच गया। उस वृक्ष की बड़ी-बड़ी डालियां काट डाला और गाड़ी में भरकर मंदिर में ले आया। वहाँ उपस्थित सभी लोग कहने लगे अरे भाई ! यह कूड़ा करकट मंदिर में क्यों ला रहे हो। तब उस भाई ने कहा, आप को पता नहीं ये सभी पत्ते सोने के हो जायेंगे। सभी लोग आश्चर्य में पड़ गये। सभी के देखते वह गाड़ी भरकर बिल्वपत्र भोलेनाथ पर चढा दिया लेकिन एक पत्ता भी सोने का नहीं हुआ ! इसलिये वह दौड़ते हुए उस जोषी के पास गया और कहने लगा आपके कहने से मैने एक बिल्वपत्र चढाया था वह सोने का हो गया, लेकिन अभी बहुत सारे पत्र चढाये वह तो एक भी सोने का नहीं हुआ ? तब जोषी ने कहा अरे भाई ! जब मैने कहा उस समय का योग अच्छा था एक पत्ते की जगह हजार चढाते तो हजार सोने का होता, अब पूरा वृक्ष चढाने से क्या फायदा।

भक्तजन ! भगवान की भजन के लिये, जीव के

मोक्ष के लिये भगवानने हमें यह सुन्दर योग दिया है। वह है मानव का अमूल्य देह। अमूल्य सत्संग का योग। इस जन्म में जितना सत्कार्य, भजन, भक्ति हो वही सोना है। अपने लिये यह अमृत का योग है।

सजनी आरे चोधडियु अमृत लाभ नुं
फेर-फेर नहीं मले एवुं विजना झबकारा जेवु।
मोती परोवी लेवु, सत्संग कीजिए।

भक्तो ! हम विश्वास पूर्वक भजन करेंगे तो यही अमृत योग है। मंदिर का जाना ही अमृत योग है। भजन-भक्ति करना अमृतयोग है। इस पर विचार करने की जरूरत नहीं। नियमित भजन-भक्ति, सत्संग करेंगे तो जिंदगी सोने की हो जायेगी।

•

मारी मरजी विना रे

- साधु श्रीरंगदास (गांधीनगर)

श्रीजी महाराज गढ़पुर से दादा खाचर के दरबार में विराजमान थे। सभी भक्तजन महाराज के संमुख बैठे थे। महाराज के दिव्य मुखारविन्द का दर्शन कर रहे थे। उसी समय काठी दरबार सुरा खाचर के साथ सभा में आये। सुराखाचर महाराज को दंडवत प्रणाम करके हाथ जोड़कर कहने लगे, हे महाराज ! आप अंतरयामी हैं, सब कुछ जानते हैं। हम आप के पास क्यों आये हैं, यह भी जानते हैं। इसलिये कृपा कीजिये।

इस समय वरसात के विना बाजरी सूख रही है। वरसात की बहुत जरूरत है। हे प्रभु कृपा करके वरसात करवाइये तभी पाक होगी। महाराज ने पूछा कितनी वरसात से पाक तैयार हो सकती है। तब भक्तों ने कहा कि जलाशय भरजाय इतने वरसात की जरूरत है। इतनी सभी वाते हुइ कि मेथाण के पूंजा जी आते हैं। महाराज ने उन्हें देखकर कहा कि पूंजाजी कहें तो वरसात हो जाय। महाराज का वचन सुनकर सभी लोग पूंजाजी को हाथ जोड़कर कहने लगे। भक्तराज बोलिये, बोलिये। वरसात के विना मूल सूख रहा है। लेकिन पूंजाजी नहीं बोले। तब काठी दरबार मजाक में कहे अरे पूंजा तूं बोलता क्यों नहीं है, तुझे कहाँ अपने घर से देना है। देने वाला तो कोई दूसरा है। तुझे तो मात्र हाँ कहना है। कह देन ? सुरा खाचर ने कहा। पानी नहीं बरसेगा तो सारे प्राणी निष्प्राण हो जायेंगे। फिर भी वह नहीं बोला। सभी के नाना प्रकार का उपाय करने पर भी नहीं बोला। लेकिन दूसरे दिन पूंजाजी के घर सुरा खाचर गये, वहाँ जाकर पूछने लगे अरे भाई कल तुम लाख उपाय करने पर भी क्यों नहीं बोले। तब पूंजाजी ने कहा, कल हमारी जबान जैसे कोई यबाकर रखा था, जबान खुलने नहीं दिया तो मैं कैसे बोलूं ? तब सुराखाचर ने कहा कि हां सही बात है महाराज की इसमें इच्छा ही नही होगी।

इसी लिये प्रेमानंद स्वामी के शब्द याद आते हैं। कि

"महाराज की इच्छा के विना कुछ नहीं होगा।
मारी मरजी विना रे, कोई थी कोई तरणुं नव तोडाय।
एम मुने जावाजो रे, मारा आश्रित सौ नरनारी।

भगवान की इच्छा के विना एक पत्ता भी नहीं हिलता।

जेतलपुर के पांचवें वचनामृत में स्वामिनारायण भगवान ने स्वयं कहा है कि "मेरी इच्छा से ही सब कुछ होता है। इच्छा हो तो वरसात होता है, न होतो नहीं। प्रभु की इच्छा हो तो लोग सुखी होते हैं। इच्छा न होते दुःखी होते हैं। संसार के सभी कार्य प्रभु की इच्छा पर निर्भर है। इस तरह का दृढ निश्चय करके भजन करनी चाहिये।



भक्ति सुधा

सेवाभावी जानबाई

- सांख्ययोगी उषाबा गुरु सांख्ययोगी कमलाबा (सुरेन्द्रनगर)

भावनगर जिला में नलाजा के पास के गोपनाथ महादेव का प्राचीन मंदिर था । उसके नजदीक में पिथलपुर गाँव में मुमुक्षु जानबाई का जन्म हुआ था। गोपनाथ महादेव का नियमित दर्शन करती तथा गाय के दूधका भोग चढ़ाकर उसका पान करती । उस प्रसादी के दूर को यदि कोई साधु-संत मिले तो उसको दे देंती । एकबारगोपनाथजी को भोग लगाकर घर जा रही थी उसी समय नीलकंठ वर्णी समुद्र में से स्नान करके महादेव के मंदिर की तरफ जा रहे थे । ब्रह्मचारी को देखकर जानबाई स्थिर हो गयी । नीलकंठ वर्णी में गोपनाथ महादेव के दर्शन होते थे । थोड़ी ही देरमें ब्रह्मचारी जानबाई के समीप पहुँच गये । जानबाई ने महाराज को कहा, इस दूधका पान कराकर मुझे आशीर्वाद दीजिये । वर्णीराजने प्रसादी का दूधपिया । उसके बाद वर्णीराज से पूछा कि, "आपका नाम क्या है ? किस गाँव में रहती हो ? जानबाई को अपना परिचय दिया । और घर की ओर चले गये । जानबाई के हृदय में उनकी मूर्ति बस गयी । इसी वजह से जब भी वे भगवान की याद करती तब नीलकंठ वर्णी की मूर्ति ही दिखाई देती ।

कुछ वक्त बीतने के बाद श्रीहरि गढपुर में रहने लगे । दादा खाचर को बुद्धिशाली तथा वफादार कामदार की जरूरत पड़ी तो जानबाई के पुत्र हरजी ठक्कर के कारभारी के रूप में नियुक्त किया गया । तो जानबाई परिवार के साथ गढडा में रहने लगी। एक दिन श्रीहरिने जानबाई को कहा हम गोपनाथ महादेव का दर्शन करने जा रहे थे वह याद है ? जानबाईने कहा अरे महाराज ! वे आप ही थे ? मैं तो उस वर्णीराज को नित्य याद कर रही हूँ । मेरी धन्य भाग कि आपके दर्शन मुझे हुए । तथा सेवा का योग मिला ।

गढपुर में आने के बाद जानबाई गढपुर में ही रहकर सत्संग की सेवा करती रहीं । जानबाईने श्रीहरि को स्नान करने के लिये पानी गरम करने के लिए त्रांबाकुंडी देती थी । उनके शयन आराम की व्यवस्था करती थी । कईबार मिष्टान्न भोजन बनाकर श्रीहरि को तथा संतो को भोजन करवाया था । परंतु उनके मन में एक संकल्प था कि उन्होने भगवान को अपने हाथों से भोजन बनाकर भोग नहीं खिलाया । ऐसी शुभ वासना के कारण उनका मोक्ष नहीं हो पाया । इसके कारण पांचुबा तथा नागमाला की पुत्री हीतबा का अवतारमिला ।

बड़े होने के पश्चात महाराज को अपने हाथों से भोजन बनाकर उसका पान करवाया । निधन के बाद उनका देह अक्षरधाम की गति को प्राप्त हुआ । इस प्रकार शुभ या अशुभ वासना हो तो मृत्यु के पहले वासना को मार देना चाहिये तभी मनुष्य अपने आप ही अमरहो जायेगा ।

महाराज कहते है कि आपके हाथ का पकाया हुआ भोजन किया अब कोई इच्छा है ? हाँ ! क्या ? मैं आपको अपने हाथों से खिलाई । प्रसन्न होकर महाराजने कहा करो यह इच्छा पूर्ण कर लिजीए । कुछ देर बाद ग्रास खिलाते थक गयी । तो हीरबा ने कहा मेरा संकल्प इस जन्म में पुरा हुआ । तब प्रभुने मुख में मुखवास लिया तथा समग्र कुटुंब को भोजन कराने की आज्ञा देकर अक्षरधाम में गये । इस प्रकार सेवा से ही मुक्ति मिलती है । निष्काम भावना से भगवान की सेवा करने से मानवजीवन सफल हो जायेगा ।

•

डांगरवा की दहीं लीला

- गीताबहन लीलाधरभाई पित्रोडा (जोरावरनगर)

जनतबा डांगरवा के वतनी तथा गोविंद पटेल की पुत्री थीं । वे श्रीजी महाराज के लाड़ले तथा एकांतिक भक्त थे । स्वभाव से निर्मल तथा होंशियार । महाराज के ऊपर उनका अति प्रेम था । जनतबा के घर महाराज संतो तथा हरिभक्तों को लेकर वारंवार आते तब जतनबा सभी को भावपूर्वक भोजन कराती ।

एक बार जतनबा के मन में प्रभु को दहीं खिलाने का भाव हुआ । जतनबा के घर कई गाय, भेंस थी । तो दूध, दहीं भी काफी होता था । जतनबाने घर का तथा समग्र गाँव का दहीं लाकर एकत्र किया । इस प्रकार समग्र कक्ष दहीं से भरेहुए मटके से भरगया । उसके बाद महाराज को कहने लगीं कि अब संत, हरिभक्तों को भोजन के लिये बैठाइए । संतगण पंक्ति में बैठ गये । महाराजने संतो को बहुत ही दहीं खिलाया । जिससे संत गण अति तृप्त हो गये । संत गण कहने लगे "महाराज" बस अब बहुत हो गया । परंतु महाराज उनका पात्र छलकाकर भरदे रहे थे । जतनबा प्रेम पूर्वक लीला का प्रदर्शन करवाना था । जतनबा दहीं देती तथा महाराज उसे परोसते । इस प्रकार जतनबा के मन में गर्व हुआ कि इतना अधिक दहीं होते हुए उसकी कमी होना संभव नहीं है । महाराजने उनके मन में हुए गर्व को तोडने के लिए तथा दहीं की कमी करने के लिये दहीं कोहरिभक्तों के तथा संतो के वस्त्रों पर तथा मस्तक पर डालने लगे । महाराजने दहीं के पात्र मंगवाये तो जतनबाने कहा कि "महाराज" यह दहीं हमने संतो को खिलाने के लिये एकत्र किया था । इस प्रकार व्यर्थ करने के लिये नहीं । इस प्रकार की तकरार के कारण उनके हाथों में से दहीं की मटकी गिर के फूट गयी । इसके कारण जनतबा का आंगन दहीं से भर गया । तथा हरिभक्तों के वस्त्र दहीं से भीग गये ।

महाराज का हेतु तो जतनबा का गर्व तोडना था । इसीलिए ऐसा मनुष्य चरित्र किया था । इस प्रकार जतनबा को महाराज के प्रति अणुभरका भी अभाव, नहीं रहा । तथा पूरे भाव-विश्वास से बोली की आपके प्रताप से दहीं की कमी हो ही नहीं सकती । हमारे बगल के घरमें दहीं की चार मटकी पडी है । महाराज यह सुनकर अति प्रसन्न हो गये । जिस प्रकार दहीं का पात्र भरा था उसी प्रकार जतनबा का प्रेम भी महाराज के लिए अत्याधिक था । ऐसी महाराज की लीला अंतकाल में याद आ जाय तो मनुष्य का भव पारहो जाये ।

"धन्य जतन फोईना धामे, ऐसी लीला करी भगवाने,
दूधदहींनी रेलमछेल धन्य धन्य डांगरवा गाम."

●

भक्त आधीन भगवान

- अ.सौ. हीनाबहन संजयकुमार भोजाणी (मोरबी)

भगवान स्वामिनारायण प्रभु गुजरात के हरिभक्तों को प्रेम प्रदान करने तथा उनके मनोरथ को पूर्ण करने के लिये उद्धव संप्रदाय की नीव मजबूत बनाने के लिये शहर-शहर गाँव-गाँव विचरण कर रहे हैं । कभी काठी दरबार तो कभी-संतो के साथ भक्ति आधिन प्रभु अनराधार बरस रहे हैं । प्रभु गुजरात के कोने कोने में पृथ्वी पर ही अक्षरधाम का सुख प्रदान कर रहे है । कच्छ के कंयकोट में गरीब हरिभक्त कचरा भगत के घर महाराज बैगन बेचने बैठ जाते हैं । इस प्रकार भक्त के संकल्प पूर्ण करने हेतु महाराज सुरेन्द्रनगर के पास के मूली के समीप लीमड़ी में रामअवतार केवट को दिया हुआ वचन पूर्ण करने के लिए पहुँच गये । केवटने प्रभु को नदीं पार करवाने का भाग नहीं लिया परंतु वचन लिया था कि आप युग-युग में पधारकरपाप का नाश करना । कोई भी युगमें जन्म धारण करके धर्म का स्थापन करके भक्तो को सुख प्रदान कीजिए । तो प्रभु आप जब भी धर्म का स्थापन करके भक्तों को सुख प्रदान कीजिएगा । जब-जब पृथ्वी पर आप पधारो तब जहाँ पर भी मेरा जन्म हो तब मेरे घर पर हमकों सुख देने अवश्य पधारना । प्रभु आज गाँव लीमड़ी में सगराम वाधरी (पूर्व के केवट) के यहाँ अकेले पधारे और दरवाजा खटखटाया । कुबा में से सगराम बाहर आये । महाराजने कहा हमें भय लग रहा है । मुझे जल्दी से छुपा दो नहीं तो पकडा जाऊँगा । सगरामने कहा प्रभु पधारिये सगराम का भाई शादुल समीप ही

रहता है। दोनो भाई तथा महाराज सगराम के कुबा में सो गये। सगराम की पत्नी तथा शार्दुल की पत्नी दूसरे कुबा में सो गयी। वहाँ गढपुर में प्रातः महाराज को जगाने मयाराम भट्ट आये देखा तो महाराज नहीं थे। उन्होंने संतो से बात की। अभी इस समय महाराज कहाँ गये ? मैंने सभी जगह जाँच की महाराज तो रात्रि में ही कही चले गये। ब्रह्मानंद स्वामी संत तथा काठी दरबारों को लेकर महाराज के घर चरण के निशान ढूंढते हुए लीमड़ी आये और सीधे सगराम वाधरी के यहाँ गये। कपाट खटखटाया। सगरामने कहा, स्वामीजी आप इस समय ? स्वामीने कहा कि महाराज गढडा से नीकल कर कहा चले गये है। हम ढूंढते हुए यहाँ आये हैं। महाराज कहीं तुम्हारे यहाँ तो नहीं आये हैं। सगरामने कहा लीमली के बडे हरिभक्त जीवराम शेठ है। उनका बंगला छोडकर मेरे कुबा में महाराज कैसे आएंगे। यहाँ नहीं आये। ब्रह्मानंद स्वामीने कहा फिर भी हम आप के कूबे की जाँच करना चाहते हैं। सगरामने कहा अंदर मेरी पत्नी हे। ब्रह्मानंद स्वामीने कहा उसे बाहर निकाल दो उसके बाद हम अंदर आयेंगे। अंदर जाकर महाराज से कहा स्वामीजी आयें हैं। महाराज कूबा में से आंगन में जा रहें थे उस समय महाराज के पाँव की एक मोजडी गिर गई। महाराजने कहा मेरी मोजडी दो नहीं तो हम पकडे जाएगें सगरामने कहा नहीं आप अपने दूसरे पाँव की मोजडी दीजिए नहीं तो मैं आपको पकडवा दूँगा। सगरामने बाहर आकर कहा जाँच कर लीजिए महाराज यहां नहीं है। ब्रह्मानंदने कहा हम तुम्हारे भाई के कूबा की जाँच करना चाहते हैं। स्वामी अंदर तो हमारे घर की महिलाए है। तो उनको बाहर निकालो महाराज यह सब सुनकर सोच रहे हैं। कि अब आगे क्या करना है। सोच विचार कर महाराजने सगराम से उसके नये वस्त्र माँगकर पहने दूसरी बहनो के साथ बाहर निकले तब ब्रह्मानंद स्वामीने कहा यह तीन बहनें कोन है ? सगरामने जो आगे है वह मेरी पत्नी हे तथा पीछे वाली शादुर्ल की पत्नी है। स्वामीने कहा ये बीच में कौन है। सगरामने कहा स्वामी वे तो हमारे अतिथि है। स्वामीने कहा आपके अतिथि की चाल से हमें ज्ञान हो गया है कि हम इसी अतिथि को ढूंढने आये हैं। महाराज संतो के साथ गढपुर आये। ब्रह्मानंदने कहा ऐसा कौन सा पुण्य सगराम के घरवाला ने किया था कि आप सगाराम के घर उसे दर्शन देने गये तथा उसके वस्त्र भी पहने। महाराजने कहा राम अवतार में हम सीताजी की खोज करते हुए शबरी लीमडी को मिले जिसका अंतकाल समीप था। उसने अपने वचन के विश्वास के हेतु आजीवन हमारी राह देखी अंत समय में उससे मिलकर हमने उसके बैर खाये और उसके जीवन का अंत हुआ और उन्हे अक्षरधाम की प्राप्ति हुई। सगराम की पत्नी पूर्वजन्म में शबरी की अवतार था। उनकी इच्छा तथा वचनपूर्ण करने हेतु उनका ऋण उतारने हम उनके घर पधारे थे। कच्छ की करणीबा को यह संकल्प हुआ कि प्रभु स्त्रिओं के वस्त्रो में कैसे लगते होगें ये उन्हें जानने की इच्छा हुई। महाराज वहाँ पर भी उसी मनवांचित रूप को धारण करके लीला की। और वहाँ पर भी ब्रह्मानंद स्वामी पहुँच गये और करणीबा के घर में रहके ब्रह्मानंद स्वामीने १६ पद के कीर्तन की रचना की।

"पहेरी धाधरडी घेराशे रे गोपी बन्या गिरधारी।"

बहनो हम तो भाग्यशाली है कि हमे ऐसा धर्मकुल मिला। हमें दर्शन देने हेतु वे देश-विदेशो में भी पदार्पण करते हैं जिसका लाभ हमें अवश्य लेना चाहिए क्यंकि हमे सुख देने के लिये उन्हें भी त्याग करना पडता है। वे भी अपने परिवार के साथ चार छ महिने में एक बार साथ भोजन कर पाते हैं। ये सब कुछ वे हमारे कल्याण के लिये कर रहे हैं। इस प्रकार हम धर्मकुल से वचन बंधित है कि धर्मकुल जहाँ-जहाँ पधारे वहाँ बहनो को गादीवालाश्री के दर्शन करने अवश्य जाना चाहिए। तथा उनके प्रत्येक वचन का पालन करना चाहिए। जिस देश में भी रहते हों उस देश के मुख्य मंदिर में अपने हिस्से का धर्मादा जरूर देना चाहिए। धर्मादा पूर्ण सुख की चाभी है। परंतु महाराज की आज्ञा अनुसार दो देशों के मंदिर के अलावा कही भी धर्मादा नहीं देना चाहिए। धर्मकुल हमारा और धर्मकुल के लिये हम हैं तो जहाँ पर भी आप लोग बिराजते हो वहाँ से सदैव हमें वफादारी का बल रहे ऐसा आशीर्वाद देते रहिये।

बाला गाँव की सुंदर मां

- गीताबहन लीलाधरभाई पित्रोडा (जोरावनगर)

बाला गाँव में एक वृद्धा रहती थी । एकवार कारियाणी गाँव में खाचर दीपावली के उत्सव पर महाराज को बुलाये । महाराज उस गाँव में आये तो अगल-बगल के गाँव के नरनारी विपुल संख्यामें उत्सव में भाग लेने के लिये एकत्रित हुए । इस कार्यक्रम में बाला गाँव की सुंदरमां भी आई.

इस तरफ अलग-अलग संघ एकत्रिक हो रहा था । इस में भी ऊना का संघ भी आया । दीव बंदर की प्रेमाबाई भी आयी थी । प्रेमाबाई महाराज में अटूट निष्ठा रखती थी । महाराज के लिये सुवर्णजड़ित वस्त्र बनाकर ले आयी थी । दूर खड़ी होकर दर्शन की तथा प्रभु के लिये स्वनिर्मित वस्त्रभी भेंट की । उन वस्त्रो को पहनकर महाराज बहुत प्रसन्न हुए । इन वस्त्रो में महाराज खुब सुन्दर लग रहे थे ।

गाँव गाँव से आया अलग अलग संघ महाराज का दर्शन करके आनंद का अनुभव कर रहा था । सभा में प्रेमाबाई के बगल में बैठी हुई सुंदरमा ने कहा इतनी महंगी वस्तु महाराज को दीजाती हैं क्यां ? महाराज को अन्न-वस्त्र इत्यादि देना चाहिये । या थोड़ी सेवा कर देनी चाहिये । यह सब प्रभु अन्तर्यामी रुप में सुन लिये । सभा में सुंदरमां को भगवान के विषय में ज्ञान कराने के लिये प्रभु ने कहा कि मत्सर किसे कहते हैं । यह वात कारियाणी के छठ्ठे वचनामृत में लिखी हुई है । बाद में प्रेमाबाई सुन्दर मां की बात पर थोड़ा हंसते हुए कही कि लगता है आप यहाँ पहली बार आयी हैं । इसलिये महाराज को पहचान नहीं पाई । बाद में कार्यक्रम पूर्ण होने पर सभी लोग एक-एक कर महाराज को प्रणाम करके अपने-अपने निवास स्थान के लिये प्रस्थान किये । उसी समय बाला गाँव के भक्त भी जाने के लिये तैयार हुए इतने में अन्तर्यामी प्रभु सुंदरमां को बुलाकर कहते हैं कि माताजी जब आप यहाँ आई हैं तो एक हप्ते रुक जाइये ? यहाँ पर लाडूबा तथा जीवुबा के साथ रहकर रोटी खाइयेगा । घर की याद तो आ रही थी लेकिन रोटी खाने को मिलेगी इसलिये रुकने का मन हो गया । यहाँ रुकने से सत्संग करने से, मंदिर की रोटी खाने से प्रभु में निष्ठा होने लगी । अब उनके मन भी होने लगा कि मैं प्रभु को क्या दूं ।

ऐसा विचार आते वे प्रभु से कहने लगीं कि महाराज ? आप मेरे घर कब पधारेंगे ? महाराज तो उनका प्रेम देखकर कहे कि सुंदरमां हम आपके घर अवश्य पधारेंगे । जब हम सत्संग के लिये निक लेंगे तब आपके यहाँ आयेंगे ।

जब महाराज सत्संग के लिये निकले तो सुंदरमां के घर पधारे । सुंदरमां आनंद विभोर हो गई । मन में आनंद की सीमा न रही । महाराज को कहने लगी महाराज ! आज आप मुझसे कुछ मांगिये । जो मांगे हम देंगे । आज तक भक्त भगवान से मांगते आये हैं । आज तो सुंदर मां भगवान से मांगने के लिये कह रही हैं । तब भगवान ने कहा कि, आप को सबसे जो प्रिय हो वह आप दीजिये । जो सुंदरमां प्रेमाबाई को अनाज देने की बात करती थी वही आज भगवान को इच्छानुसार मांगने की बात कह रही हैं । इस तरह कहकर वे अपने दोनो प्रिय बेटों को महाप्रभु के चरण में भेंट कर दीं ।

जिस तरह सुंदरमां की दृष्टि, लाडुबा तथा जीवुबा के साहचर्य से बदल गई । प्रभु की पहचान हो गयी । इसी तरह हम भी भगवान में दृढ निष्ठा रखें । उन्हे सर्वत्र अर्पण करे, तो भगवान खूब प्रसन्न होंगे, इसी लिये कीर्तन में गाया जाता है -

संत विना साचुं कोण कहेरे,
साचा सुख नी वात रे ।
दया रही छे, जेना दिल मां रे,
नथी घर मां धार रे
संत विना साचुं कोण कहेरे ॥

प्रश्न पेटी

साधु भक्तिनंदनदास गुरु शास्त्री स्वामी पुरुषोत्तमप्रकाशदासजी (श्री स्वामिनारायण मंदिर जेतलपुर)

प्रश्न : १ सद्गुरुमुक्तानंद स्वामीने कहा कि "हे महाराज मत्सर उत्पन्न होने का क्या कारण है ?" इसका उत्तर श्रीहरिने किस वचनामृत में दिया है ?

प्रश्न : २ "वेगे वहेंता पारीमां, प्रतिबिंब न भासे रे, एम डगमगे दिल ज्यां लगी न ब्रह्म प्रकाशे रे।" यह उक्ति किसने कही है ?

प्रश्न : ३ संवत १८७८ में महाराज ने पंचाला में कौन सा उत्सव किया जिसमें महाराज ने रात्रि के समय किसके दरबार मों रास किया था ?

प्रश्न : ४ एकबार महाराज दंढाव्य देश में विचरण कर रहे थे उस समय गोविंदभाई वहाँ पधारे। वहाँ के वाघरोडा तालाब में महाराजने जलक्रीडा की, उसमें महाराज के छोटे भाईने प्रातः दतुअन दिया। वह दतुअन किस वृक्ष की थी ? यह लीला किस गाँव की है ?

प्रश्न : ५ हम बार-बार श्री नरनारायणदेव का मुख्यपना लाते है, उसमें कारण यह है कि श्रीकृष्ण पुरुषोत्तमा अक्षरधाम के धामी जो श्री नरनारायण वेही इस सभा में नित्य विराजते हैं, इसी लिये हमा उनका मुख्यभाव लाते रहते हैं। यह अमृत वचन किस वचनामृतमें है तथा किसने कहा है ?

प्रश्न : ६ "तेनी ऊपर बे छापुं रे, कंठी कौस्तुभ मणी झलके वाम करण मां बिन्दु रे काने कुन्दुल लटके।" यह श्रीहरि के स्वरूप का दिव्य वर्णन करने वाला कौन कवि है ?"

प्रश्न : ७ "इस गाँव में हम घर-घर सौ वार फिरे हैं, तथा घर-घर भोजन किये है ....." इसलिये उस गाँव का नाम श्रीजी महाराज स्वयं वरदान करते हैं तथा जिसे गोकुल-वृंदावन से अधिक कहते हों उस गाँव का क्या नाम है ?

अक्टूबर २००८ महीने के प्रश्नपेटी के सच्चे उत्तर तथा उत्तर देने वालों के नाम।

(१) कृतमुपकारं हन्तिवाचा प्रलायेन, हम उनका बहुत उपकार किये है, आप उनका बहुत कार्य किये हों, फिर भी अनेक स्थानो पर यही कहते हैं कि वे हमारे लिये क्या किये, जो मेरी भाग्य में था वह मिला। यह जगत की वाणी जो बोलता हो वही कृतघ्नी कहा जायेगा। (२) स.गु. निष्कुलानंद स्वामी। (३) भगवान श्रीहरि के उपदेश से तो बहुत खराब स्वभाव वाले सुधर गये और साधु मय जीवन हो गया। जब कि तुमको तो स्वयं प्रगट भगवान ने पावन किया है। फिर भी तेरा क्रूर स्वभाव बदला नहीं इतना सुनते ही उस बैर के सभी कांटे झर गये। (४) कार्तिक महीने का शुक्ल पक्ष नवमी की रात्रि। (५) वह असुर दूसरे असुरों को कहने के लिये दौड़कर जा रहा था, उसी समय जमीन पर गिर पड़ा, काष्ठ की हाथी से टकराया र मांथा कूट जाने से मृत्यु हुई। (६) गढडा प्रथम का ६६ वाँ वचनामृत। (७) स.गु. प्रेमानंद स्वामी।

नोंधः प्रश्नपेटी विभाग के आत्मीय भक्तजन.....

इस महीने में हमारे प्रश्न पेटी में नियमित लाभ लेने वाले प्रिय भक्तो का नाम प्रकाशित नहीं हुआ है। परंतु प्रश्न पेटी के सभी सदस्यों को सर्वावतारी श्री स्वामिनारायण भगवान का अत्यन्त प्रिय जेतलपुर धाम में विराजमान महाप्रतापी "श्री रेवती-बलदेवजी-हरिकृष्ण महाराज" आप सभी के मनोरथ को इस नूतन वर्ष में पूर्ण करें। श्रीहरि के कल्याणकारी चरण रज के स्पर्श सुख की चाहना से तथा भगवान के इस दिव्य प्रश्नपेटी विभाग में खूब प्रेम से बडी परीश्रम के साथ उत्तर देते हैं। ऐसी ही आप सभी की श्रद्धा-भक्ति-प्रेम उत्तरोत्तर बढता रहे इस भावना के साथ नूतन वर्ष में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री तथा प.पू. बडे महाराजश्री एवं प.पू. लालजी महाराजश्री तथा जेतलपुर मंदिर के महंत स्वामी पूज्य गुरुवर्य आत्मप्रकाशदासजी एवं पूज्य पी.पी. स्वामी के शुभाशीर्वाद के साथ नूतन वर्षाभिनंदन।

(प्रश्नपेटी विभाग)

संचालक : साधु भक्तिनंदनदास, जेतलपुरधाम

सत्संग समाचार

श्री नरनारायणदेव के दिव्य सानिध्य में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री का ३६ वाँ प्रागट्योत्सव मनाया गया

श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री १००८ श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री का ३६ वाँ प्रागट्योत्सव सर्वोपरि श्री नरनारायणदेव के शुभ सानिध्य में तथा प.पू. बड़े महाराजश्री तथा प.पू. लालजी महाराजश्री की शुभ उपस्थिति में आश्विन शुक्ल-१० विजया दशमी के शुभ दिवस पर धूमधाम से मनाया गया।

प्रथम श्रीहरि के तीनो स्वरूप मंदिर में पधारे तथा ठाकुरजी की श्रृंगार आरती उतारकर सभा में विराजमान हुए। विद्वान पंडितोने वेद परंपरागत स्वस्ति वाचन किया था। उसके बाद वयोवृद्ध संत, स्कीम कमीटी के सभ्यश्री तथा अग्रगण्य हरिभक्तों ने समूह आरती उतारकर आशीर्वाद प्राप्त किया था। जमीयतपुरा के शास्त्री घनश्यामप्रकाशदासजी (माणसा महंत) ने आज की सभा का संचालन किया था। जेतलपुर से पूज्य पी.पी. स्वामीने आज के शुभ अवसर पर धर्मवंशी के सुंदर माहात्म्य की सुंदर बातें की। प्रासंगिक सभा में श्री नरनारायणदेव युवक मंडल के युवानोने सुंदर बातें करके अपनी शुभेच्छा व्यक्त की। अहमदाबाद शहर के सुप्रसिद्ध चार्टड एकाउन्टन्ट श्री मनुभाई एन्ड कां. वाले श्री मनुभाई के जन्म दिन के अवसर पर प.पू.ध.धु. आचर्य महाराजश्रीने उनका बहुमान करके आशीर्वाद प्रदान किया।

पूज्य पी.पी. स्वामीने समस्त सत्संग को आगामी ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-११ को प.पू. आदि आचार्य महाराजश्री अयोध्याप्रसादजी महाराजश्री के २०० वीं जन्म जयंती पर "धर्मकुल वंदना महोत्सव" धूमधाम से मनाने की घोषणा की थी। अंत में समस्त सभा को प्र.पू. बड़े महाराजश्रीने दिव्य आशीर्वाद प्रदान किया। *- शास्त्री धर्मकिशोरदास*

अहमदाबाद मंदिर में दिवाली प्रसंग पर लेखाबही पूजन तथा अन्नकूटोत्सव धूमधाम से मनाया

सर्वोपरि श्री नरनारायणदेव के शुभ सानिध्य में आश्विन शुक्ल पक्ष-१४ काली चर्तुदशी के दिन श्री हनुमानजी का पूजन अर्चन-आरती प.पू. बड़े महाराजश्री के वरद् हाथों से संपन्न हुई थी।

ता. २८-१०-०८ को दिपावली के शुभ दिन पर शाम को ९-०० बजे प्रसादी के सभा मंडप में समूह शारदा-पूजन, लेखाबही-पूजन वेद परंपरागत से प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के वरद् हाथोंसे धूमधाम से संपन्न हुआ। एक हजार से भी अधिक व्यापारी हरिभक्तोंने चोपड़ा पूजन का महा-लाभ लिया।

इस प्रसंग पर दूरदर्शन, ई-टी.वी. तथा आई.बी.एन-७. की केमेरा टीमने कवरेज करके गुजरात की धार्मिक प्रजा को उसका जीवंत प्रसारण किया था। पू. महंत स्वामी की प्रेरणा से कोठारी रामानुज स्वामी, वी.पी. स्वामी विष्णु स्वामी, मुकुन्द स्वामी, शास्त्री डी.के., आदि संत मंडलने सुंदर आयोजन किया था।

नूतन वर्ष के शुभ मंगल दिवस पर प्रात: ५-०० बजे श्रीहरि के तीनों अपर स्वरूपों ने श्री नरनारायणदेव की मंगला आरती तथा श्रृंगार आरती करके संत-हरिभक्तों को दर्शन का अलौकिक लाभ दिया था। प.पू. आचार्य महाराजश्रीने बैठक में बिराजमान होकर सभी को नूतन वर्ष में दर्शन का अलौकिक लाभ दिया था। दोपहर १२-०० बजे अन्नकूट आरती प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्रीने तथा प.पू. बड़े महाराजश्री ने उतारी थी। इस अवसर पर शहर के हजारों हरिभक्तोने समग्र दिन अपने परिवार के साथ बड़ी संख्या में दर्शन करने के लिये उपस्थित हुए थे।

अन्नकूट की सेवा में महंत स्वामी के मार्गदर्शन में गढपुर के मुकुन्द स्वामी, वी.पी. स्वामी, कोठारी रामानुज स्वामी, शा. डी. के. स्वामी, विष्णु स्वामी कोठार स्टाफ, बापुनगर के हरिभक्तों ने सुंदर सेवा करके नरनारायणदेव तथा प.पू. आचार्य महाराजश्री की प्रसन्नता के पात्र बने थे।

- कल्पेश पटेल

अहमदाबाद मंदिर में श्रीमद् शिक्षापत्री भाष्य पंचान्ह पारायण

सर्वावतारी श्री नरनारायणदेव के दिव्य सांनिध्य में तथा प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा से तथा पू. महंत

स्वामी की प्रेरणा से श्रीहरि की प्रसन्नता हेतु अ.नि. श्री नटुभाई सोमाभाई मोदी परिवार की तरफ से ता. ३१-१०-०८ से ४-११-०८ तक श्रीमद् शिक्षापत्री भाष्य पंचान्ह पारायण कोठारी शा. रामानुजदासजी के वक्तापद पर संपन्न हुआ। वक्ता महोदय का प्रथम पारायण था। फिर भी श्रीजी महाराज की कृपा से तथा प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के आशीर्वाद से अस्खलित मधुरवाणी का प्रवाह हरिभक्तों के मन को आकर्षित करता रहा। सतत् पांच दिन तक यजमान परिवारने कथा का रसपान करके जीवन को धन्य बनाया।

- डी.के. शास्त्री

अहमदाबाद श्री स्वामिनारायण मंदिर द्वारा सत्संग सभा

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा से तथा महंत स्वामी के मार्गदर्शन में को. रामानुज स्वामी तथा शा. धर्मकिशोरदास तथा संत मंडल प्रत्येक एकादशी को जीवराजपार्क श्री स्वामिनारायण मंदिर रात्रि सत्संग सभा में वचनामृत, सत्संगिजीवन, शिक्षापत्री, जैसे शास्त्रों पर विवेचन, कथा, कीर्तन, भक्ति, नित्य-नियम तथा धर्मकुल माहात्म्य की अलौकिक कथा करके सत्संगियों को सुख प्रदान करते हैं। मेमनगर श्री स्वामिनारायण मंदिर में भी संत हरिभक्तों को कथा का लाभ देते रहते हैं। *- भीखुभाई*

अहमदाबाद मंदिर में शरदोत्सव

आश्विन शुक्ल पूनम शरद पूर्णिमा के शुभ दिन श्री स्वामिनारायण मदिर कालुपुर में श्री नरनारायणदेव के सानिध्य में मंदिर के विशाल चौक में सुंदर देदीप्यमान श्वेत वस्त्रों का मंडप बनाया गया था। जिसमें ठाकुरजी को रखकर उन्हीं के समक्ष उत्सवीय मंडल ने नाना प्रकार के गीत गाकर आनंदित किया था। संत-हरिभक्त बड़ी संख्या में उपस्थित थे। रात्रि में १०-३० बजे प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री पधारे उस समय उत्सवी मंडलने परंपरागत कीर्तन गाकर ठाकुरजी को प्रसन्न किया था। पू. महाराजश्री ठाकुरजी की आरती उतारकर सभी को दर्शन का लाभ दिये थे। महंत स्वामी की प्रेरणा से शा. रामानुज स्वामी तथा मुकुन्द स्वामीने सुन्दर आयोजन किया था।

- ईश्वरभाई एम. पटेल

अहमदाबाद मंदिर में आयोजित मेडिकल केम्प

गुरु पूर्णिमा तथा प.पू. लालजी महाराजश्री के प्रागट्योत्सव एवं प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के प्रागट्योत्सव के उपलक्ष्य में मेडिकल केम्प का आयोजन किया गया था।

जिसमें नाक, कान, गला के रोगों के निदान के केम्प में डॉ. सी.एल. गोहिल ने सेवा की थी। इस में ८० जितने रोगियों का निदान किया गया था। डॉ. कुंदन बहन गज्जरने बड़ी सूक्ष्मता के साथ आंख के नानाविधरोगों का निरीक्षण किया था। १७० जितने रोगियों को इसका लाभ मिला था। २ रोगियों के मोतिया का आपरेशन भी किया गया था। हृदयरोग, डायाबीटीस, फेंफसा, ब्लडप्रेसर, दम तथा टी.बी. के १४० जितने रोगियों का निदान डॉ. देवेन्द्रभाई गढादरा तथा डॉ. विशाल भट्टने सेवा की थी। जिसमें ६२ रोगियों ने कार्डियोग्राम तथा ८० रोगियों ने डायाबिटीस का फ्री आफ चार्ज में चेकअप करवाया।

अपने टर्फ स्कूल में ता. ३०-९-०८ के दिन दांत से संबन्धित रोगवाले बच्चों का निदान किया गया था। कुल ५०० बालकों का निदान हुआ। डॉ. नियनी, डॉ. पूजा तलाटी तथा अन्य डॉक्टरों की सेवा ली गई थी। सभी केम्प का आयोजन डॉ. रमेशभाई परीख के मार्गदर्शन में हुआ। जिस में डॉ. अरविंदभाई ने भी सेवा की थी। डॉ. कीरीटभाई शाहने आवश्यक साधन डॉक्टरों को उपयोग हेतु दिया था। डॉ. रोहितभाई विद्यार्थी, डॉ. प्रतीक ठक्कर, डॉ. स्मी शाह, डॉ. आर्शवी शाह, डॉ. पार्थ, डॉ. राहुल, डॉ. निशीथ इत्यादि डॉक्टरोने बालकों का योग्य निदान किया था।

- डॉ. रमेश परीख

श्री रंग महोल घनश्याम महाराज का पाटोत्सव

कार्तिक शुक्ल-१२ के दिन अहमदाबाद कालुपुर श्री स्वामिनारायण मंदिर में रंग महल में बिराजमान श्री घनश्याम महाराज का पाटोत्सव प.पू. बड़े महाराजश्री के वरद् हाथों से श्रीहरिकृष्ण महाराज का महाभिषेक षोडशोपचार पूर्वक सम्पन्न किया गया था। यजमान परिवार के श्री रमेशभाई वीरचंदभाई पारेख ने प.पू. महाराजश्री को पुष्पहार पहनाकर पूजन अर्चन करके आशीर्वाद प्राप्त किया था। हजारों संत हरिभक्तोंने पाटोत्सव तथा अन्नकूट का दर्शन करके धन्य हो गये थे। पुजारी ज्ञान स्वामीने कुलौकिक अन्नकूट ठाकुरजी के लिये तैयार कराकर अर्पित किये थे, जिससे घनश्याम महाराज तथा प.पू. आचार्य महाराजश्री दोनो की प्रसन्नता प्राप्त हुई थी। *- शा. भक्ति स्वामी*

नारायणघाट श्री स्वामिनारायण मंदिर

साबरमती नदी के किनारे सुप्रसिद्ध नारायणघाट पर श्री स्वामिनारायण मंदिर में विराजमान सर्वोपरि श्री घनश्याम महाराज के शुभ सानिध्य में तथा प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री तथा भावी आचार्य लालजी महाराजश्री की शुभ उपस्थिति में शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर शरदोत्सव मनाया गया।

जिस में संत-हरिभक्तोंने साथ मिलकर रास खेला था। इस प्रसंग के यजमान श्री मानभाई एन. रामाणी तथा श्री हरेशभाई एन. रामाणी थे। इस प्रसंग पर बडी संख्या में संत हरिभक्त भाग लिये थे। उत्तम रास खेलने वाले को इनाम दिया गया था। मंदिर के विशाल चौक में सर्वोपरि श्री घनश्याम महाराज की प्रतिमा के समक्ष चांदी के बर्तनो से सुशोभित किया गया था। यहाँ महंत स्वामी देवप्रकाशदासजीने समग्र उत्सव का सुंदर आयोजन किया था।

सभा संचालन छोटे पी.पी. स्वामीने किया था। बदपुर तथा ईश्वरपुरा गाँव के हरिभक्तोंने दूधकी संपूर्ण सेवा की थी। हरिभक्त दूधचिडा का प्रसाद लेकर राज का आनंज लिये थे। दर्शन का दिव्यानंद लिये थे। *- शा. चैतन्य स्वरूपदास*

कांकरिया श्री स्वामिनारायण मंदिर

यहाँ श्री स्वामिनारायण मंदिर कांकरिया (रामबाग) में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा से आश्विन शुक्ल-१४ के दिन मास्तीयज्ञ प्रसंग पर प.पू. बडे महाराजश्री पधारे थे। पू. महाराजश्री के वरद् हाथों से यज्ञ में श्रीफल का होम करके पूर्णाहुति किये थे।

इसके बाद प्रासंगिक सभा में यजमानोने प.पू. बड़े महाराजश्री का पूजन अर्चन करके आशीर्वाद प्राप्त किया था। प.पू. बड़े महाराजश्री ने अपने दादा आदि आचार्य अयोध्याप्रसादजी महाराजश्री द्वारा प्रस्थापित धर्मकुल के कुल देवता बाल स्वरूप कष्ट भंजन देव की महिमा के साथ सभी को हार्दिक आशीर्वाद दिया था। बाद में कष्टभंजन देव की आरती उतारकर हरिभक्तों को दर्शन का लाभ दिया था।

<u>लाभ पंचमी का उत्सव</u>

यहाँ पर लाभ पंचमी के उत्सव प्रसंग पर कष्टभंजन देव का अभिषेक करने के लिये संप्रदाय के भावी आचार्य पूज्य लालजी महाराश्री पधारे थे।

प्रासंगिक सभा में पू. लालजी महाराजश्री ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि आज के शुभ दिन कष्टभंजन देव का दर्शन करके, प्रसन्नता प्राप्त करके कष्ट दूर कर सकते हैं।

ऐसा हार्दिक आशीर्वाद दिया था। हरिभक्तोंने पू. लालजी महाराजश्री का चरण स्पर्श करके आशीर्वाद प्राप्त किया था। इसके बाद ८-३० बजे अन्नकूट का भोग लगाया गया था। प.पू. बड़े महाराजश्री तथा प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री भी दर्शनार्थ पधारे थे। अंत में संत हरिभक्तों को आशीर्वाद दिये थे। प.पू.अ.सौ. लक्ष्मीस्वरूप दोनो गादीवाला दर्शनार्थ पधारी थी। तथा महिलावर्ग को दर्शन एवं आशीर्वाद का लाभ दी थी।

प.पू. बड़े महाराजश्री तथा प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री ने यहाँ के महंत गुरूप्रसाद स्वामी, महंत आनंद स्वामी (मथुरा) पुजारी स्वामी तथा यज्ञप्रकाशदास की सेवा पूजा से प्रसन्न होकर हार्दिक आशीर्वाद दिया था।

- नरोत्तम भगत

हर्षद कोलोनी स्वामिनारायण मंदिर

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री तथा प.पू. भावि आचार्य १०८ श्री लालजी महाराजश्री की शुभ आज्ञा से तथा श्री नरनारायण युवक मंडल के आयोजन से ता. १४-९-०८ रविवार के दिन दोपहर १२ बजे से सायंकाल ५ बजे तक श्री नरनारायण सोसायटी की वाड़ी में श्री घनश्याम बाल मंडल के रमतोत्सव का आयोजन किया गया था। जिस में बाल मंडल के प्रत्येक विद्यार्थी खोखो, कबड्डी, दौड़, नीम्बु चमची, संगीत-खुरशी, गुबाड़ा फोड़, चोकलेट शोध, बिस्किट खाने की स्पर्धा, स्लो साइकल तथा धार्मिक प्रश्नोत्तरी इत्यादि खेल-कूद की स्पर्धा में खूब उत्साह के साथ भाग लिये थे। इस प्रकार प्रत्येक रविवार को धार्मिक सभा के माध्यम से सहज बाल आनंद की प्राप्ति होती है।

रमतोत्सव के अंत में इनाम वितरण करके प्रत्येक बालक को नास्ता दिया गया था। *- गोरधनभाई सीतापरा*

मेघाड़ीनगर मंदिर में बाल सभा

श्री स्वामिनारायण मंदिर मेघाड़ीनगर में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री ने बाल मंडल की स्थापना की उस समय से नियमित बाल सभा होती है। अब अपने भावि आचार्य प.पू. लालजी महाराजश्री बाल सभा का विशेष

ध्यान रखते हैं। यहाँ का बाल मंडल १२ वर्ष पूर्ण करके १३ वर्ष में प्रवेश किया है। प्रत्येक रविवार को बाल सभा में बालकों को ज्ञान के साथ खेल कूद तथा सत्संग का भी ज्ञान दिया जात है। इस में भाग लेने वाले बालकों को पेन, पेन्सिल, रबर, नोटबुक, डब्बा (पेनबॉक्स) इत्यादि का इनाम भी दिया जाता है। कक्षा १ से १० तक के विद्यार्थियों को जो अच्छा परिणाम लाते हैं उन्हें भी इनाम दिया जाता है। ४० बालकों को इनाम दिया गया था। प.पू. बड़े महाराजश्री तथा प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री तथा प.पू. लालजी महाराजश्री की कृपा से बाल मंडल की खूब प्रगति हो रही है। *- रणछोडभाई देवाणी*

चांदखेडा जनतानगर में रात्रि कथा पारायण

अहमदाबाद की खूब विकसित एरिया चांदखेडा के जनतानगर न्यु सी.जी. रोड विस्तार में ता. १९-१०-०८ से २५-१०-०८ तक स.गु. निष्कुलानंद स्वामी कृत यमदंड की कथा रात्रि ९ बजे से ११-३० तक शा. धर्मकिशोरदासजी गुरुमहंत स्वामी नारायणस्वरूपदासजी के वक्ता पद पर मधुर कंठ से संपन्न हुई थी। जिस में बडी संख्या में भक्त लोग भाग लिये थे। इस प्रसंग पर प्रतिदिन संत पधारते थे। तथा अपनी अमृतमयी वाणी का लाभ सभी को देते। जिस में कोटेश्वर गुरुकुल से शा. रामदासजी, अभयप्रकाशदास, जमीयतपुरा से विजयप्रकाशदास, चंदप्रकाशदास, अहमदाबाद मंदिर से को. रामानुज स्वामी, गढपुर से हरिप्रसाददासजी, बलदेव स्वामी, हरिजीवन स्वामी, सूर्यप्रकाशदासजी, धर्मकिशोरदासजी इत्यादि संत पारायण के समय पधारे थे। यहाँ के हरिभक्तों ने यमदंड की कथा सुनकर जीवन को धन्य बनाया। *- मुकुन्द स्वामी*

नवा वाडज

यहाँ के श्री स्वामिनारायण मंदिर में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा से हरिभक्तोंने दीपावली के प्रसंग पर मंदिर में कथा करके तथा स.गु. निष्कुलानंद स्वामी का जीवन चरित्र कथा तथा धुन-कीर्तन करके ठाकुरजी की आरती उतारी गई थी। *- शंभुभाई पटेल*

दहेगाँव मंदिर

श्री स्वामिनारायण मंदिर दहेगाँव में ता. २७-१०-०८ के दिन काली चौदश को सायंकाल ६ बजे मारुति यज्ञ तथा ता. २९-१०-०८ को नूतन वर्ष के मंगलदिन ठाकुरजी के समक्ष ११० प्रकार का व्यज्जन बनाकर अन्नकूट का भोग लगाया गया था। हरिभक्त दर्शन करके खूब आनंदित हुये थे।- *अरविंदभाई कोठारी*

माणसा मंदिर

श्री राधाकृष्णदेव हरिकृष्ण महाराज के सानिध्य में तथा प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की उपस्थिति में ता. २४-९-०८ के दिन माणेकपुर श्री नरनारायणदेव युवक मंडल द्वारा सत्संग सभा का आयोजन किया गया था। जिसमें शा. घनश्याम स्वामी, पी.पी. स्वामी (माणसा) विजय स्वामी इत्यादि संतो ने कथा का लाभ दिया था। अंत में समस्त सभा को प.पू. आचार्य महाराजश्रीने आशीर्वाद दिया था।

- चन्द्रप्रकाशदास

आदिश्वरनगर नवा नरोड़ा मंदिर

यहाँ के श्री स्वामिनारायण मंदिर में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा से तथा हरिभक्तों के साथ सहकार से सर्वोपरि भगवान श्री स्वामिनारायण के समक्ष नूतन वर्ष के दिन विविधप्रकार के व्यंजन का भव्य अन्नकूट अर्पण किया गया था। हरिभक्तों ने कथा-कीर्तन तथा धून एवं रास किया था। सभी भक्त दर्शन करके कृतकृत्य हो गये। श्री नवीनभाई आदि हरिभक्तों की सेवा प्रेरणास्रोत रही थी।

- चावडा ठाकरशीभाई

विसनगर

श्री नरनारायणदेव युवक मंडल तथा श्री सहजानंद किशोर मंडल द्वारा प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के प्रागट्योत्सव के उपलक्ष्य में सर्वोपरि श्री स्वामिनारायण भगवान का सर्वजीवहितावह सिद्धान्त लोगो तक पहुँचाने के लिये रैली निकाली गयी थी। जिस में सभी स्त्री पुरुष भाग लिये थे। श्री स्वामिनारायण भगवान के चरण कमल से अंकित सभी प्रसादी के स्थलों का दर्शन करने के लिये रैली गाँव में घूमी थी। अंत में प्रसादी के भीमनाथ महादेव पहुँच कर सभा का आयोजन किया गया था। जिस में हरिभक्त प्रसंगोचित प्रवचन किये थे। *- कल्पेशकुमार भावसार*

हनुमान मंदिर असारवा (पुराना स्वा.ना. बाग) में मारुतियज्ञ

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के पुराने निवास स्थान श्री स्वामिनारायण बाग (श्री सहजानंद गुरुकुल असारवा) जो आदि आचार्य अयोध्याप्रसादजी महाराजश्री द्वारा स्थापित प्रसादी के वीर हनुमानजी के नूतन मंदिर को एक

वर्ष पूर्ण होने से प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा से ता. १६-१०-०८ के दिन मास्तियज्ञ का आयोजन किया गया था।

शा.स्वा. निर्गुणदासजी की प्रेरणा से श्री अजयभाई पटेल तथा रमेशभाई पटेलने यजमान पद स्वीकार करके लाभ लिया था। पूर्णाहुति प्रसंग पर प.पू.ध.धु. आचार्य महाराश्री पधारे थे। तथा अपने हाथों से पूजन-अर्चन तथा आरती उतारक पूर्णाहुति में नारियल का होम किये थे। सभी भक्तजन श्री कष्टभंजन देव तथा धर्मवंशी आचार्य महाराजश्री का दर्शन करके धन्यता का अनुभव किये थे।

- शा. सत्यप्रकाशदास

करजीसण मंदिर में छठा वार्षिक पाटोत्सव संपन्न

करजीसण श्री नरनारायणदेव गादी संस्थान के अन्तर्गत श्री स्वामिनारायण मंदिर करजीसण का छठा वार्षिक पाटोत्सव प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के वरद् हाथों से ता. २३-१०-०८ गुस्वार के दिन श्री नरोत्तमदास मोतीदास पटेल के सुपुत्र श्री अश्विनभाई पटेल (फ्लोरिडा अमेरिका) तथा श्री मुकेशभाई पटेल के यजमान पद पर धूमधाम से सम्पन्न हुआ।

इस प्रसंग पर वडनगर के स.गु. शा.स्वा. नारायणवल्लभदासजी तथा श्री प्रहलादभाई वी. पटेल के मार्गदर्शन पर शोभायात्रा महापूजा, अन्नकूट इत्यादि का आयोजन किया गया था। यहाँ के युवान कोठारी कौशिकभाई पटेल तथा अन्य युवा हरिभक्त खूब उत्साह के साथ प्रसंग में भाग लिये थे। सभा संचालन शा. स्वामी नारायणवल्लभदासजीने किया था। इस प्रसंग पर वडु, डांगरवा, भाउपुरा, मोखासण इत्यादि गाँवो के हरिभक्त अलौकिक लाभ लिये थे।

- प्रहलादभाई वी. पटेल, न्युजर्सी

मूली प्रदेश सत्संग वृत्तान्त

मूली श्री स्वामिनारायण मंदिर

यहाँ के श्री स्वामिनारायण मदिर में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा से श्री राधाकृष्णदेव हरिकृष्ण महाराज के सानिध्य में नूतन वर्ष के मंगल दिन विभिन्न प्रकार के पक्वान्नो से भव्य अन्नकूट का भोग ठाकुरजी को लगाया गया था। झालावाड़ प्रांत के हजारो भक्त अन्नकूट का दर्शन करके जीवन को धन्य बनाये थे। दीपावली के प्रसंग पर बहुत सारे हरिभक्त पधारे हुए थे। यहाँ के महंत स्वामी नारायणप्रसाददासजी के मार्गदर्शन में कोठारी आत्मप्रकाशदासजी तथा भंडारी श्री प्रकाशदास इत्यादि संत मंडल ने खूब सुन्दर आयोजन करके हरिभक्तों को प्रसन्न किया था।

- पार्षद भरत भगत

धांगधा (बहनो के) डी स्वामिनारायण मंदिर

प.पू.अ.सौ. गादीवालाजी की प्रेरणा से श्रावण महीने में यहाँ के मंदिर में श्री शिक्षापत्री वाचन का समापन बड़े धूमधाम से किया गया था। सायंकाल ६ बजे से दूसरे दिन भाद्रपद शुक्ल-१५ तक अखंड श्री स्वामिनारायण महामंत्र धून का आयोजन किया गया था। सां.यो. गौरीबा, तथा सां.यो. हेतलबा की पुण्य तिथि पर कथा-पारायण, धून-कीर्तन तथा सां.यो. राजकुंवरबा इत्यादि बहने उपस्थित थी। यहाँ पर भजन करने की उत्तम प्रथा है।

- जयश्री बहन

लींबडी मंदिर

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के आशीर्वाद से तथा साधु भक्तवत्सलदास (महंत स्वामी) की प्रेरणा से ता. १४-१०-०८ के शरद पून को इन्द्रपुर(गांधीनगर) के श्री नरनारायणदेव युवक मंडल ने बाल स्वरूप घनश्याम महाराज के संमुख सुंदर रास खेलकर सभी को आनंदित किया था। आरती के यजमान का लाभ श्री बलवंतसिंह परिवारने (पी.एस.आई.) लिया था। प्रत्येक को प्रसाद दिया गया था।

- साधु वंदनप्रकाशदास

श्री रोकडिया हनुमानजी दादा का जीरागढ (हालार मूलीदेश) गाँव में पाटोत्सव धूमधाम से मनाया गया

म्ठूलीदेश का शिरमौर जीरागढ गाँव में श्री रोकडिया हनुमानजी महाराज का अभिषेक प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के वरद् हाथों से संपन्न हुआ। सुरत, बम्बई, नवसारी, राजकोट इत्यादि शहरों से बड़ी संख्या में हरिभक्त दर्शनार्थ आये हुए थे। यहाँ के हालार देश के हरिभक्तों में मूली श्री राधाकृष्णदेव तथा श्री नरनारायणदेव की गादी के प्रति अनन्य निष्ठा है। गाँव के विशाल चौक में प्रासंगिक

सभा में जेतलपुर के पूज्य पी.पी. स्वामी, मूली मंदिर के महंत स्वामी नारायणप्रसाददासजी, स.गु. स्वा. जगतप्रकाशदासजी, चराडवा के महंत स्वा. हरिप्रकाशदासजी तथा युवान निष्ठावाले हरिभक्तों में जो ज्ञान संपन्न है ऐसे लोगो ने महाराजश्री का अर्थात् आचार्य महिमाकी चर्चा सप्रमाण पुरस्पर तथा अनुकरणीय ढंग से की थी। इसके बाद प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री ने सभी को हार्दिक आशीर्वाद में बताया कि यहाँ के सभी हरिभक्त श्री मूली निवासी हरिकृष्ण महाराज में तथा श्री नरनारायणदेव में दृढ निष्ठा रखें। इसी में सभी का कल्याण है। इस तरह का हार्दिक आशीर्वाद देकर सभी को प्रसन्न किये थे।

- चंद्रेश जीरागढ

विदेश सत्संग वृत्तान्त

कोलनिया श्री स्वामिनारायण मंदिर में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री का प्रागट्योत्सव मनाया गया

कोलोनिया श्री स्वामिनारायण मंदिर में विजया दशमी के शुभ पर्व पर अपने प्राण प्यारे प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री का प्रागट्योत्सव मनाया गया।

यहाँ के महंत स्वामी ने प्रासंगिक सभा में सर्व प्रथम दशहरा का माहात्म्य सरल भाषा में समझाकर (श्री नरनारयणदेव गादी संस्थान के वर्तमान पीठाधिपति महाराजश्री का माहात्म्य समझाया था। इस के साथ देश विदेश में प.पू. महाराजश्री द्वारा सत्संग विकास की प्रवृत्ति की एक झलक दिखाई थी। युवानो ने केक काटकर जन्मोत्सव मनाया। प.पू. आचार्य महाराजश्री की प्रतिमाको सभा में रखकर पूजन-अर्चन किया गया था। इस प्रसंग पर प.पू.अ.सौ. बड़े गादीवालाजी प.पू. बिन्दुराजा तथा सौम्यकुमार एवं सुव्रतकुमार पधारेहुए थे। महिला वर्ग इन सभी लोगो का स्वागत पूजन करके दर्शन की थी।

यजमान परिवार तथा महेमानो का स्वागत किया गया था। महंत स्वामीने बताया कि हम सभी को प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के आशीर्वाद की प्राप्ति हुइ है। सभी लोग उनकी आज्ञा में रहे ऐसी श्रीहरि के चरणों में प्रार्थना। अंत में मंगलपाठ तथा धनम बोलकर सभी प्रसाद ग्रहण किये थे।

- प्रवीणभाई शाह

वोशिंग्टन डी.सी.

ता. २१-९-०८ रविवार के दिन सायंकाल ४ बजे से ९ बजे तक सर्वना पार्क कोम्युनिटी सेन्टर के भव्य होल में सत्संग सभा का आयोजन किया गया था। "आज मारे ओरडे रे" इस पद से सभा का आरम्भ किया गया था। बाद में २७३ वचनामृत का पाठ तथा धून कीर्तन किया गया था। एक घंटे तक सेलफोन तथा माईक के सहयोग से न्यूजर्सी से साधु व्रजवल्लभदास तथा हरिप्रियदास स्वामीने बाल चरित्र की कथा सुनाई थी। यहाँ प्रत्येक सभा में नूतन आश्रितों का प्रवेश होता है। एक बहन जो अपनी सुमधुर वाणी में सुन्दर कीर्तन गाकर सभी को आनंदित की थी। श्री नरनारायणदेव गादी के प्रति निष्ठा में प्रगति दिखाई देती है। प.पू. बड़े महाराजश्री तथा प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की कृपा से सत्संग प्रवृति अच्छी चल रही है।

- कनुभाई पटेल

लेस्टर (यु.के.) श्री स्वामिनारायण मंदिर

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा से लेस्टर श्री स्वामिनारायण मंदिर में श्राद्ध पक्ष में श्रीहरि की प्रसन्नता हेतु ता. २६-९-०८ से २८-९-०८ तक श्रीमद् सत्संगिजीवन की त्रिदिनात्मक कथा शा.स्वा. घनश्यामदासजीने की थी। शा. केशवचरणदासजीने श्री नरनारायणदेव तथा धर्मकुल का माहात्म्य सुनाया था। श्री प्रभुलालभाई आणंदभाई चोटलिया परिवारने यजमान पद का लाभ लिया था।

ता. ९-१०-०९ गुरुवार के दिन प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के ३६ वें प्रागट्योत्सव प्रसंग पर सभा में शा. घनश्याम स्वामीने धर्मकुल का माहात्म्य समझाया था। कोली मंदिर से शा.स्वा. सूर्यप्रकाशदासजी भी प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के जन्मोत्सव प्रसंग पर धर्मवंशी आचार्य महाराजश्री का माहात्म्य समझाया था। लेस्टर के युवक मंडल ने आजके दिन केक काटकर पू. महाराजश्री के प्रतिमा का पूजन अर्चन करके सभी ने आशीर्वाद प्राप्त

किया था।

काली चौदश के दिन श्री कष्टभंजन देव का पूजन-अर्चन, आरती शास्त्रोक्त विधिसे की गई थी। ता. २८-१०-०८ के दिन शारदापूजन ता. २९-१०-०८ के दिन नूतन वर्ष के उपलक्ष्य में अन्नकूट अर्पण ठाकुरजी के समक्ष किया गया था। दोपहर १२ से ४ बजे तक अन्नकूट का दर्शन खुला रहा। सभा में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री का पत्र पठन किया गया था।

आज के मंगल प्रसंग पर कष्टभंजन देव के पूजन के यजमान श्री हरिशभाई गोविंदभाई, अन्नकूट के यजमान श्री मूलजीभाई लक्ष्मणभाई काचा तथा श्री विनोदभाई लक्ष्मणभाई काचा बने थे। प.पू. बड़े महाराजश्री तथा प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की कृपा से सत्संग प्रवृत्ति अच्छी चल रही है।

- कानजीभाई मालवीया तथा किरण भावसार

अक्षरनिवासी सत-हरिभक्तों को भावभीनी श्रद्धांजलि

मूली श्री स्वामिनारायण मंदिर : प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री वासुदेवप्रसादजी महाराजश्री द्वारा दीक्षित तथा मूली देश के गाँव में अंतिम अवस्था तक सत्संग के लिये विचरण करने वाले वयोवृद्ध ज्ञानवृद्ध पू. संत स.गु. स्वामी श्री राधामनोहरदासजी ता. १९-१०-०८ से दिन ९८ वर्ष की उम्र में श्री हरिका अखंड स्मरण करते हुए अक्षरनिवासी हुए हैं। उनके अक्षरनिवास के मूली देश के सत्संग में काफी कमी हुई है।

श्री स्वामिनारायण बाग मेमनगर : प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के धर्मवंशी निष्ठावान तथा हस्तकला (आर्टकला) जिस में नाना प्रकार के चित्रों को पेईन्टींग करके उत्तम प्रसिद्धि प्राप्त की थी, फिर भी स्वयं धर्मकुल के कृपापात्र मानने वाले सेवाभावी पार्षद श्री माधवसिंहजी (पेईन्टर भगत) भगत ता. ५-१०-०८ रविवार श्री सर्वोपरि श्रीहरि का अखंड स्मरण करते हुए अक्षरनिवासी हुए हैं।

सामत्रा (कच्छ) : श्री कानजीभाई हरजी नाथा वरसाणी ता. २८-१०-०८ मंगलवार दीपावली के दिन श्रीजी महाराज का अखंड स्मरण करते हुए अक्षरनिवासी हुए हैं। जो देव-आचार्य के अनन्य निष्ठावाले तथा सत्संग की सतत सेवा में लगे रहने वाले थे, इनके अक्षरवास से सत्संग में एक बड़ी कमी हुई है।

बालवा : श्री अशोकभाई कनुभाई चौधरी ता. १५-१०-०८ के दिन श्रीहरि का अखंड स्मरण करते हुए अक्षरनिवासी हुए है।

अहमदाबाद-घाटलोडिया : श्री जसवंतलाल छनालाल भावसार ता. २५-९-०८ के दिन श्रीजी महाराज का अखंड स्मरण करते हुए अक्षरनिवासी हुए है।

माणसा : श्री ईश्वरभाई पटेल की माताजी श्रीमती मंगुबहन त्रिभोवनदास पटेल (९० वर्ष) ता. २७-९-०८ के दिन श्रीहरि का अखंड स्मरण करती हुई अक्षरनिवासीनी हुई है।

अहमदाबाद-इसनपुर : श्री मगनभाई फकीरभाई पटेल ता. २९-१०-०८ के दिन श्रीजी महाराज का अखंड स्मरण करते हुए अक्षरनिवासी हुए है।


अहमदाबाद : श्री बिपिनचंद्र घनश्यामप्रसादजी (वरसोडावाला) की धर्मपत्नी अ.सौ. ज्योत्सनाबहन ता. २०-९-०८ भाद्रपद कृष्ण पक्ष-६ के दिन श्रीहरि का अखंड स्मरण करती हुई अक्षरनिवासीनी हुई है।

वडु गाँव : के श्री नरनारायणदेव गादी के निष्ठावान सेवाभावी श्री अरविंदभाई दशरथभाई (चेरीहिल मंदिर अमेरिका) के बड़े भ्राता श्री घनश्यामभाई भीखाभाई पटेल (वडुवाला) श्रीजी महाराज का अखंड स्मरण करते हुए ता. ३-११-०८ के दिन अक्षरनिवासी हुए है।

संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक : महंत स्वामी नारायणस्वरूपदासजी द्वारा, श्री स्वामिनारायण मंदिर, कालुपुर, अहमदाबाद के लिए श्री स्वामिनारायण प्रिन्टींग प्रेस, श्री स्वामिनारायण मंदिर, कालुपुर, अहमदाबाद (गुजरात) पीन कोड-३८० ००१ से मुद्रित एवं श्री स्वामिनारायण मंदिर, कालुपुर, अहमदाबाद (गुजरात) पीन कोड-३८० ००१ द्वारा प्रकाशित।















१. श्री मुक्तिनाथ भगवान के दर्शन हेतु पैदल चलते हुए प.पू. बड़े महाराजश्री । २. सुंदर रमणीय पोखरा (नेपाल) के सरोवर में नाव में (तरापा) दर्शन देते हुए प.पू. बड़े महाराजश्री । ३. पुल्हाश्रम में जहाँ श्री नीलकंठवर्णी ने तप किया था उस दिव्य भूमि पर छत्री में स्थापित चरणारविंद की आरती उतारते हुए प.पू. बड़े महाराजश्री । ४. मुक्तिनाथ तीर्थक्षेत्र में महापूजा विधि में बिराजमान प.पू. बड़े महाराजश्री । ५. महान तीर्थभूमि पुल्हाश्रम में १०८ धारा में पुण्य पावनकारी स्नान विधि करते हुए प.पू. बड़े महाराजश्री । ६. अहमदाबाद मंदिर में संत महादीक्षा देते हुए प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री ।

Registered under RNI - No - GUJHIN/2007/20220 " Permitted to post at
Ahd PSO on 11 the every month under postal Regd. No. GUJ. 581
issued SSP Ahd Valid up to 31-12-08













१. २. ३. नूतन वर्ष में अक्षर महोल श्री घनश्याम महाराज, सर्वोपरि श्री नरनारायणदेव तथा रंग महोल के श्री घनश्याम महाराज के अन्नकूट दर्शन । ४. श्री नरनारायणदेव के अन्नकूट का दर्शन करते हुए प.पू. बड़े महाराजश्री तथा प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री । ५. अहमदाबाद श्री स्वामिनारायण मंदिर में समूह शारदा पूजन प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के वरद् हाथों से वेदविधिपूर्वक संपन्न हुआ । ६. प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के प्रागट्योत्सव प्रसंग पर संत-हरिभक्तों की विशाल सभा में दर्शन देते हुए श्रीहरि के तीनों अपर स्वरूप ।